वर्ष-12 , अंक-22 — प्रयागराज, रविवार 02 जून 2024 से शनिवार 08 जून 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From Google Play

Adhunik Samachar

## ब्रीफ न्यूज

### चुनाव परिणाम से पहले विपक्षी नेताओं का क्यों लगा जमावड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का आज मतदान हो रहा है। इसी बीच विपक्षी आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन की दिल्ली में मीटिंग हो रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में ये मीटिंग उनके घर पर आयोजित की गई है। लोकसभा के अंतिम चरण के मतदान के दिन यानी आज आई.एन.डी.आई.



गठबंधन की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के अलावा एनसीपी (शरद गुट) के नेता शरद पवार सीपीआई के डी राजा समेत कई नेता बैठक में शामिल हैं। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन भी बैठक में शामिल हैं। बता दें कि इस बैठक से सीएम ममता बनर्जी ने दूरी बना ली थी। मीटिंग में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के अलावा एनसीपी (शरद गुट) के नेता शरद पवार, सीपीआई के डी राजा समेत कई नेता बैठक में शामिल हैं। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन भी बैठक में शामिल हैं। बता दें कि इस बैठक से सीएम ममता बनर्जी ने दूरी बना ली थी। इस बैठक में विपक्षी गठबंधन चुनाव में अपने प्रदर्शनों की समीक्षा-आकलन करने के साथ ही चार जून को आने वाले नतीजों के मद्देनजर आगे की अपनी सियासी रणनीति के विकल्पों पर विचार-विमर्श करेगा।

### लोकसभा से पहले अरुणाचल और सिक्किम का होगा फैसला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए आज वोटिंग हो रही है। जबकि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती 2 जून 2024 को होगी। 60 विधानसभा सीटों वाले अरुणाचल प्रदेश और 32 निर्वाचन क्षेत्रों वाले सिक्किम में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभाओं के लिए मतगणना 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना के साथ होगी।भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनावों की मतगणना दो जून को की जाएगी।

## सीएम केजरीवाल को कल तिहाड़ जेल में करना होगा सरेंडर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राऊज एवेन्यू कोर्ट से तत्काल राहत नहीं मिली है। उन्हें 2 जून को सरेंडर करना ही पड़ेगा। कोर्ट ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर हुई सुनवाई में दोनों पक्षों के तर्क को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने इस पर फैसला 5 जून को सुनाने का निणर्य लिया है। ऐसे में उन्हें कल सरेंडर करना ही पड़ेगा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राऊज एवेन्यू कोर्ट से तत्काल राहत नहीं मिली है। उन्हें



2 जून को सरेंडर करना ही पड़ेगा। कोर्ट ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर हुई सुनवाई में दोनों पक्षों के तर्क को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने इस पर फैसला 5 जून को सुनाने का निणर्य लिया है। ऐसे में उन्हें कल सरेंडर करना ही पड़ेगा कोर्ट में ईडी ने उनकी अंतरिम जमानत का विरोध किया। वहीं केजरीवाल की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने कहा कि वह केवल सात दिनों की अंतरिम राहत की मांग कर रहे हैं मेरे मुवक्किल की परिस्थिति पर संदेह नहीं किया जा सकता है। उनकी बीमारी कुछ ऐसी है जो जायज है।? वो बीमार हूं। यह एक भ्रामक बयान था जैसे कि वह अपनी मर्जी से जा रहे हों। ऐसा लगता है कि उनके अधिवक्ता को उनके मुवक्किल ने जानकारी नहीं दी है। कई तथ्यों को छुपाया गया है, उनके स्वास्थ्य के बारे में झूठे बयान दिए गए हैं। अंतरिम जमानत बरकरार रखने योग्य नहीं है क्योंकि अदालत केजरीवाल को कल आत्मसमर्पण करने के आदेश देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संशोधित नहीं कर सकती है। आत्मसमर्पण न करने की अनुमति मांगने वाला यह आवेदन विचारणीय नहीं है। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केजरीवाल?? को आत्मसमर्पण करना है और? इस आदेश में अभी तक कोई संशोधन नहीं किया गया है। केजरीवाल को सरेंडर करना होगा। इस आदेश के तहत वो अंतरिम जमानत पर नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वो अंतरिम जमानत पर हैं। केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें यह छूट दी है कि वह नियमित जमानत के लिए आवेदन करें। अंतरिम जमानत के विस्तार की कोई स्वतंत्रता नहीं है।आदेश था कि केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। क्या इस अदालत के लिए उस तारीख को संशोधित करना संभव होगा? मुझे लगता है कि केवल सुप्रीम कोर्ट ही ऐसा कर सकता है। उन्होंने इस अदालत को सूचित किए बिना सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें अनुरोध किया गया था कि दो जून नहीं, बल्कि एक सप्ताह का समय और दिया जाए। आवेदन को लेकर अदालत में हमने आपत्ति जताई और कोर्ट ने उन्हें विस्तार नहीं दिया। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने स्पष्ट आदेश पारित किया है कि केजरीवाल का आवेदन विचार योग्य क्यों नहीं है। उस तथ्य को दबा दिया गया है। अचानक याचिकाकर्ता मुख्य राहत और अंतरिम राहत की मांग करते हुए इस अदालत में पहुंच जाता है, उसने इन तथ्यों को क्यों छिपाया है 24 मई को, जब राहत आवेदन का विस्तार तैयार किया गया था, तब केजरीवाल ने अंतरिम जमानत के लिए चिकित्सा आधार जुटाने के बावजूद व्यापक रूप से यात्रा करना जारी रखा और रैलियां और रोड शो किए।

## इंडिगो की चेन्नई-मुंबई फ्लाइट में मिली बम की धमकी, विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग; सभी 172 यात्री सुरक्षित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चेन्नई से मुंबई जा रहे इंडिगो विमान 6ई5314 को शनिवार को बम की धमकी मिली, जिससे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। इसके बाद विमान की मुंबई हवाई



अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। चेन्नई से मुंबई जा रहे इंडिगो विमान को शनिवार को बम की धमकी के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। इंडिगो ने इसको लेकर एक बयान जारी किया है जिसके मुताबिक सभी यात्री विमान से सुरक्षित उतर गए हैं। विमान की अभी जांच चल रही है। सभी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को वापस टर्मिनल क्षेत्र में ले जाया जाएगा। डगो ने इसको लेकर एक बयान जारी किया है जिसके मुताबिक, सभी 172 यात्री विमान से सुरक्षित उतर गए हैं। विमान की अभी जांच चल रही है। सभी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को वापस टर्मिनल क्षेत्र में ले जाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, विमान को सुबह करीब 8.45 बजे इमरजेंसी लैंड किया गया और सबी यात्रियों को विमान से उतारा गया। बता दें कि पिछले एक हफ्ते में इंडिगो की फ्लाइट से जुड़ी यह दूसरी ऐसी घटना है। 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की कथित धमकी मिली थी। सूत्र ने बताया कि शनिवार को चेन्नई-मुंबई रूट पर उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई5314 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जब पायलट ने मुंबई एटीसी को विमान में बम होने की कथित धमकी की सूचना दी थी।' चेन्नई-मुंबई उड़ान में बम की कथित धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने एक बयान में कहा, 'मुंबई में उतरने पर, चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया और विमान को सुरक्षा एजेंसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया।

## भूस्खलन, जलभराव और उखड़े पेड़ केरल में मानसून बना आफत भारी बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**तिरुवनंतपुरम।** केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले पहुंचने के दो दिन बाद, राज्य के



कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। इसकी वजह से भूस्खलन हुआ और पेड़ उखड़ गए। साथ ही पूरे इलाके में जलभराव की समस्या देखने को मिली। केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले पहुंचने के दो दिन बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई जिससे भूस्खलन हुआ और पेड़ उखड़ गए। कोट्टायम इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से ही भारी बारिश हो रही है । कल रात पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा इलाकों में भूस्खलन और पेड़ उखड़ने की खबरें आईं । कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से ही भारी बारिश हो रही है। पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा इलाकों में शुक्रवार रात भूस्खलन और पेड़ उखड़ने की खबरें आईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूस्खलन में कुछ घर और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूस्खलन के संभावित खतरे के कारण थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। इडुक्की में मलंकारा बांध के पांच शटर खोले जाने के बाद, जिला अधिकारियों ने थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पड़ोसी कोट्टायम जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते मीनाचल और मणिमाला नदियों के पास रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। कल शाम से कोट्टायम के कई हिस्सों में लगातार बारिश हुई, जिससे जलभराव और यातायात जाम हो गया।

## एग्जिट पोल पर कांग्रेस ने टीवी डिबेट से किया किनार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने शुक्रवार को बड़ा फैसला करते हुए



कहा कि पार्टी सातवें चरण की वोटिंग के बाद टीवी पर आने वाले एग्जिट पोल (ॅं इदत्त) की बहस में हिस्सा नहीं लेगी। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस रिजल्ट से पहले (4 जून) अटकलों में शामिल नहीं होना चाहती। इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर वार किया ह मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने शुक्रवार को बड़ा एलान करते हुए कहा कि पार्टी सातवें चरण की वोटिंग के बाद टीवी पर आने वाले एग्जिट पोल की बहस में हिस्सा नहीं लेगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एग्जिट पोल में भाग नहीं लेने का कांग्रेस का निणर्य इस बात की पुष्टि करता है कि कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाग लेने से इनकार कर दिया है। पार्टी का कहना है कि वह टीआरपी के खेल की लड़ाई और अटकलबाजी में शामिल नहीं होना चाहती है। लेकिन कांग्रेस के इस रवैये पर सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इस बार हार के कारण को बयां ना कर पाने की स्थिति में कांग्रेस एक्जिट पोल का बहिष्कार कर रही है। इससे इस बात की भी साफ पुष्टि हो गई है कि विपक्षी दल ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी हार मान ली है। भाजपा अध्यक्ष ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि सातवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर एग्जिट पोल में भाग नहीं लेने का कांग्रेस का निणर्य इस बात की पुष्टि करता है।

## तो वोटों की गिनती में हो सकती है हेराफेरी' कपिल सिबल ने बताया क्या कहता है नया नियम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने पोस्टल बैलेट की



गिनती को लेकर नियमों में किए गए बदलाव पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे वोटों की गिनती में हेरफेर करना आसान हो जाएगा। कपिल सिब?बल ने कहा कि राजनीतिक दलों के एजेंट को मतगणना केंद्र पर फार्म फॉर्म 17ण् को देखना चाहिए कि कितने वोट कास्ट हुए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने पोस्टल बैलेट की गिनती को लेकर नियमों में किए गए बदलाव पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे वोटों की गिनती में हेरफेर करना आसान हो जाएगा। कपिल सिब?बल ने कहा कि राजनीतिक दलों के एजेंट को मतगणना केंद्र पर फार्म फॉर्म 17ण् को देखना चाहिए कि कितने वोट कास्ट हुए हैं। इसके अलावा, मतगणना से जुड़े फॉर्म पर हर चीज का ध्यान देना चाहिए। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सिब्बल ने कहा, ठलोकतंत्र में मतदान एक पवित्र अधिकार है। अगर इस अधिकार का कोई घोटाला या उल्लंघन होता है... तो यह एक गंभीर सवाल है, जिस पर चुनाव आयोग को ध्यान देना चाहिए और सरकार से ऐसा कानून बनाने के लिए कहना चाहिए कि अगर कोई इसका उल्लंघन करता है, तो उसे दंडित किया जाना चाहिए. उल्लेखनीय है कि पोस्टल बैलेट की गिनती से जुड़े नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। चुनाव आयोग ने इसको लेकर विस्तृत गाइलाइन जारी किया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, पोस्टल बैलेट की गिनती अंतिम राउंड से पहले हो जाएगी, लेकिन चुनाव आयोग ने अपने गाइडलाइंस में बदलाव किया है। चुनाव आयोग ने प्रशासनिक आदेश के तहत बताया कि नए नियमों के मुताबिक, अब पोस्टल बैलेट की कभी भी गिनती हो सकती है शनिवार को एएनआई से बात करते हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले से पोस्टल बैलेट की संख्या अधिक हुई है, इसलिए कम मत जीत-हार वाले चुनाव क्षेत्र में पोस्टल बैलेट की गिनती के दौरान धांधली किया जा सकता है। उन्होंने संदेह जताया कि नियमों में बदलाव के बाद वोटों की गिनती में हेरफेर किया जा सकता है।

## कर्नाटक की अदालत ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को दी जमानत, भाजपा ने दायर किया था मानहानि का केस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को भाजपा की तरफ से



दायर मानहानि के मामले में अदालत ने जमानत दे दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा ने कांग्रेस नेताओं पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित अपनी पार्टी के नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन देने का आरोप लगाया था। बता दें कि सिद्धारमैया और शिवकुमार आज व्यक्तिगत रूप से 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को भाजपा की तरफ से दायर मानहानि के मामले में अदालत ने जमानत दे दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक भगवा पार्टी ने कांग्रेस नेताओं पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित अपनी पार्टी के नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन देने का आरोप लगाया था। सिद्धारमैया और शिवकुमार आज व्यक्तिगत रूप से 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुए। उनकी दलील सुनने के बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। बीजेपी एमएलसी और महासचिव केशव प्रसाद ने सिद्धारमैया,शिवकुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। वहीं कांग्रेस ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए अखबार में 'भ्रष्टाचार रेट कार्ड' से विज्ञापन प्रकाशित करवाया था। बता दें कि चुनाव आयोग ने विज्ञापन को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया था। ये विज्ञापन अखबार में प्रकाशित किए गए थे। इसके बाद कांग्रेस को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। चुनाव आयोग ने कांग्रेस से 7 मई तक इस नोटिस का जवाब भी मांगा था। बता दें लोकसभा चुनाव के शुरू होते ही अचार संहिता लागू हो गई थी। आचार संहिता के प्रावधान 2 के मुताबिक चुनाव प्रचार के दौरान विरोधी पार्टी की वर्तमान और पूर्व नीतियों और मुद्दों पर बात की जा सकती है, लेकिन उन मुद्दों पर कोई बातचीत नहीं होगी, जिससे जनता का कोई लेना-देना न हो। अगर ऐसा होता है तो इसे आचार संहिता का उल्लंघन मान लिया जाता है।

## गिरफ्तार मां के सामने नाबालिग से हुई पूछताछ, 1 घंटे तक बाल सुधार गृह में आरोपी का कड़े सवालों से हुआ सामना


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पुणे।** पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले में हर दिन नया खुलासा हो रहा है। आज इस केस में नाबालिग की मां



को गिरफ्तार कर लिया गया था, जब इस बात की पुष्टि हुई थी कि नाबालिग के ब्लड सैंपल उनकी मां से बदल दिए गए हैं। नाबालिग की मां को क्राइम ब्रांच यूनिट ने हिरासत में ले लिया था। अब कहा जा रहा है उन्हें जल्द ही अदालत के सामने पेश किया जाएगा। नाबालिग की मां को क्राइम ब्रांच यूनिट ने हिरासत में ले लिया था। अब कहा जा रहा है उन्हें जल्द ही अदालत के सामने पेश किया जाएगा। वहीं जांच के दौरान पुलिस ने बाल सुधार गृह में नाबालिग से मां की मौजूदगी में लगभग एक घंटे तक बात की। नाबालिग को 5 जून तक के लिए बाल सुधार गृह भेजा गया है। वहीं जांच के दौरान पुलिस ने बाल सुधार गृह में नाबालिग से मां की मौजूदगी में लगभग एक घंटे तक बात की। नाबालिग को 5 जून तक के लिए बाल सुधार गृह भेजा गया है। किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने हाल ही में पुलिस को किशोर से जांच करने की अनुमति दी थी। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (ळ) के तहत नाबालिग से पूछताछ माता-पिता की मौजूदगी में की जानी थी। पुलिस की तरफ से नाबालिग से बात करने से पहले अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बालकावड़े ने कहा था, 'हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में घर के अंदर पूछताछ करेंगे।' इस मामले में नाबालिग के पिता, रियाल्टार विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्र अग्रवाल को परिवार के ड्राइवर का अपहरण करने और उस पर दोष लेने के लिए दबाव डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इस मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जेजेबी ने 19 मई की दुर्घटना के कुछ घंटों बाद किशोर को जमानत दे दी थी और उसे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा। राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बीच, पुलिस ने फिर से जेजेबी से संपर्क किया, जिसने आदेश में संशोधन किया और उसे 5 जून तक बाल सुधार गृह भेज दिया। वहीं महिला और बाल विभाग के आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने कहा था कि डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता वाली समिति अगले हफ्ते तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

## चिलचिलाती गर्मी से उत्तर भारत को जल्द मिलेगी राहत, दिल्ली-यूपी सहित इन राज्यों में कब होगी बारिश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अरब सागर से चलने वाली नमी युक्त हवाएं दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत की तपती धरती



के लिए राहत लेकर आने वाली हैं। पाकिस्तान सीमा पर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से जम्मू-कश्मीर एवं उत्तराखंड में ओलावृष्टि के असर से मैदानी क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में कमी तो अभी से आने लगी है और अगले दो से तीन दिनों में हीट वेव (लू) की स्थिति से भी मुक्ति मिल जाएगा मौसम विभाग (आईएमडी) का मानना है कि शनिवार एवं रविवार को पंजाब हरियाणा एवं दिल्ली में वर्षा हो सकती है। इससे तापमान एकदम से गिरेगा और सप्ताह भर तक प्रचंड गर्मी से राहत मिल सकेगी। इस दौरान मानसून तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और शुक्रवार को उत्तर-पूर्व के सभी राज्यों में छा गया। अगले पांच दिनों तक इस हिस्से में भारी वर्षा जारी रह सकती है। मौसम विभाग (आईएमडी) का मानना है कि शनिवार एवं रविवार को पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली में वर्षा हो सकती है। इससे तापमान एकदम से गिरेगा और सप्ताह भर तक प्रचंड गर्मी से राहत मिल सकेगी। इस दौरान मानसून तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और शुक्रवार को उत्तर-पूर्व के सभी राज्यों में छा गया। अगले पांच दिनों तक इस हिस्से में भारी वर्षा जारी रह सकती है मौसम विभाग का अनुमान है कि दक्षिण-पूर्व में मानसून के आगमन एवं उत्तर-पश्चिम में अरब सागर की नमी युक्त हवा एवं बारिश के असर से पूरे देश के तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट आएगी। अरब सागर में चक्रवात की स्थिति बनने के कारण समुद्र की नमी लेकर हवा पश्चिम से पूर्व की ओर बहने लगी है। इसके चलते राजस्थान में मौसम का मिजाज एकबारगी बदलने लगा है। शुक्रवार को भी उत्तर-पूर्वी राजस्थान एवं हरियाणा के पश्चिमी हिस्से में आंधी के साथ वर्षा हुई। निजी एजेंसी स्काइमेट ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि शनिवार से हरियाणा के अन्य हिस्सों के साथ-साथ पंजाब, दिल्ली एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी वर्षा हो सकती है, जिससे प्रचंड गर्मी से झुलस रहे इस बड़े हिस्से को हीटवेव से राहत मिल जाएगी। एनसीआर से सटे राजस्थान के जयपुर एवं भरतपुर क्षेत्र में 40-50 किमी प्रतिघंटे की गति से हवा चलने का अनुमान है। बारिश भी हो सकती है। इससे आसपास के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी और उत्तर-पश्चिमी हिस्से को हीट वेव से पूरी तरह मुक्ति मिल जाएगी।

## तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में पेंट फैक्ट्री में भीषण आग, तीन लोगों की मौत; चार घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेनन्ई के पड़ोसी जिले तिरुवल्लूर में स्थित कक्कलुर औद्योगिक एस्टेट में एक पेंट फैक्ट्री में आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में कक्कलुर औद्योगिक एस्टेट में एक पेंट फैक्ट्री में आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक पेंट और थिनर बनाने वाली फैक्ट्री में कामगार थे। पुलिस के अनुसार आग में शेड का एक हिस्सा ढह जाने से उनमें से एक के सिर में गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मृतक पेंट और थिनर बनाने वाली फैक्ट्री में कामगार थे। पुलिस ने कहा कि आग में शेड का एक हिस्सा ढह जाने से उनमें से एक के सिर में गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

डाक पंजीयन नं. AD -99/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

02.06.2024.pmd 1 6/1/2024, 5:01 PM

# नन्द गोपाल गुप्ता ने वाट्सएप ग्रुप एडमिन प्रमोद बाबू पर दर्ज कराया मुकदमा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** वाट्सएप ग्रुप एडमिन व एक अज्ञात पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) और उनकी पतनी पूर्व महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता की राजनीतिक उपेक्षा से संबंधित भ्रामक संदेश प्रसारित करने के मामले में प्रयागराज कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मंत्री नन्दी की तहरीर पर पुलिस ने वाट्सएप ग्रुप एडमिन प्रमोद बाबू और एक अज्ञात के विरुद्ध आईटी एक्ट व अन्य धाराओं के तहत रिपोर्ट लिखकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में वाट्सएप पर शंकरगढ़, नारीबारी चाकघाट के नाम से एक ग्रुप संचालित है?। 24 मई की शाम उस ग्रुप पर एक संदेश प्रसारित किया, जिसमें उन्हें व उनकी पतनी की राजनीतिक उपेक्षा किए जाने की बात कहकर वोट के माध्यम से जवाब देने की बात कही गई है। मतदान से ठीक एक दिन पहले इस तरह का संवेदनशील मैसेज प्रसारित करना बेहद शातिराना, शरारतपूर्ण आपराधिक कृत्य हैं। संदेश पूरी तरह से भ्रामक, मनगढ़ंत और चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से लिखा गया है। मंत्री ने कहा कि इसमें उनकी राजनीतिक छवि को आघात पहुंचाने का गंभीर षड्यंत्र है। इसमें उनके राजनैतिक विरोधियों की संलिप्तता हैं।

# मीरजापुर की सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने ब्यापारी सम्मेलन में जनपद के समस्त ब्यापारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** लालडिग्गी स्थित एक लान में आयोजितं इस ब्यापारी सम्मेलन में हजारों कि संख्या ब्यापारी में शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी  ने सभी ब्यापारी बन्धुओं को मंच पर बुलाकर अनुप्रिया पटेल के हाथों स्वागत करवाया । मंच का संचालन अध्यक्ष पालिका ने किया ज्ञातब्य हो कि जनपद में 1 जून को आखिरी चरण का चुनाव है । इस चुनाव में ब्यापारी बन्धुओं की काफ़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है ।इस कार्यक्रम में प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी नगर विधायक रतनकर मिश्रा अशोक केसरवानी जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कननैजिया सभासद गोवर्धन यादव अलंकार जायसवाल अमरनाथ सेठ अशोक सोनी रमाशंकर सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।



# महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्याकांड में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही पूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** पांच जुलाई से आरोपी आनंद गिरि के वकील रविंद्र पुरी से जिरह करेंगे। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरि 20 सितंबर 2021 को बांघबरी मठ के अतिथि कक्ष में फंदे से लटके मिले थे। सुसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उनके शिष्य रहे आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और सुशील तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। आनंद गिरि चित्रकूट जेल में बंद हैं। महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या मामले में ट्रॉयल कोर्ट में अभियोजन पक्ष के गवाह और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही शुक्रवार को पूरी हो गई। पांच जुलाई से आरोपी आनंद गिरि के वकील रविंद्र पुरी से जिरह करेंगे। नरेंद्र गिरि मामले की सुनवाई जिला अपर एव सत्र न्यायधीश अंजू कनौजिया की अदालत में चल रही है। रविंद्र पुरी ने आनंद गिरि और नरेंद्र गिरि के बीच फोन पर हुई आडियो की पहचान अदालत में की थी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरि 20 सितंबर 2021 को बांघबरी मठ के अतिथि कक्ष में फंदे से लटके मिले थे। सुसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उनके शिष्य रहे आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और सुशील तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। आनंद गिरि चित्रकूट जेल में बंद है।इलाहाबाद जिला न्यायालय ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और श्री मठ बाघंबरी गद्दी के महंत नरेंद्र गिरि की रहस्यम मौत मामले के वादी मुकदमा और गवाह अमर गिरि के खिलाफ फिर से गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश आरपीएस राणा की अदालत ने जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि की ओर से दाखिल अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। इससे पहले 11 दिसंबर 2023 को गैर जमानती वारंट होने पर गवाही से गायब चल रहे अमर गिरि को सीबीआई की हिरासत में पेश किया गया था। अंडरटेकिंग भी दी थी कि वह गवाही के लिए नियत हर तारीख पर कोर्ट में हाजिर रहेगा। लेकिन, उस दिन के बाद से फिर से अमर गिरि नियत तारीखों पर गैर हाजिर है। अमर गिरि की ओर से दाखिल अंडरटेकिंग के आधार पर कोर्ट ने पहले जारी हुए गैर जमानती वारंट को वापस ले लिया था,जिसके बाद गवाही शुरू हुई थी। पूरा बयान दर्ज करने के लिए दो जनवरी की तारीख तय थी, लेकिन मंगलवार को फिर से वह गैर हाजिर रहा।



# भ्रष्टाचार मामले में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति समेत छह प्रोफेसरों से जवाब तलब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति शैलेंद्र क्षितिज की खंडपीठ ने रसायन विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर रेखा लगराखा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भर्ती प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के मामले में कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय और वित्त अधिकारी समेत छह प्रोफेसरों के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति शैलेंद्र क्षितिज की खंडपीठ ने रसायन विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर रेखा लगराखा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याची ने कुलपति और वित्त अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि कुलपति ने रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और कुछ प्रोफेसरों के साथ मिलकर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कोष से 40 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। वर्ष 2023 में हुए बीएड परीक्षा से धन एकत्र कर कुलपति और एक प्रोफेसर के निजी संयुक्त खाते में अवैध रूप से स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके अलावा विश्वविद्यालय के आसपास विभिनन्‍निर्माण कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया का पालन किए बगैर निविदाएं दी गई हैं।



# जिला अधिवक्ता संघ की सांकेतिक शवयात्रा निकाली, फर्जी तरीके से फंसाने का लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** अध्यक्ष पर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नाम डलवाने का आरोप लगाया। इसको लेकर आरोपी अधिवक्ताओं ने अपने साथियों के साथ हाईकोर्ट अंबेडकर चौराहे पर पहुंचकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष की सांकेतिक शव यात्रा निकाली और उसका पुतला दहन किया। अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।  कचहरी में प्रवेश पर रोक लगाए जाने के मामले में अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष की सांकेतिक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। आरोप लगाया कि मारपीट करने वाले अधिवक्ताओं की सूची में फर्जी तरीके से रितेश श्रीवास्तव और संजीव का नाम भी डाल दिया गया। इसके कारण हाईकोर्ट ने उनकी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के साथ ही कचहरी में प्रवेश पर भी रोक लगा दिया है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पर फर्जी तरीके से सूची तैयार करने का आरोप लगाया है। जबकि घटना वाले दिन हम लोग कचहरी में मौजूद भी नहीं थे। अध्यक्ष पर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नाम डलवाने का आरोप लगाया। इसको लेकर आरोपी अधिवक्ताओं ने अपने साथियों के साथ हाईकोर्ट अंबेडकर चौराहे पर पहुंचकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष की सांकेतिक शव यात्रा निकाली और उसका पुतला दहन किया। अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।



# आरपीएफ कर्मी ने बचाई एक पुरुष और महिला यात्री की जान, चलती ट्रेन के दौरान हुआ हादसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर आरपीएफ कर्मी ने अपनी सजगता से एक पुरुष और एक महिला यात्री की जान बचा ली। बताया जा रहा है कि चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में दोनों यात्री ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में आ गए। आरपीएफ कर्मी ने अपनी सजगता से प्रयागराज जंक्शन पर शुक्रवार को एक पुरुष और एक महिला यात्री की जान बचा ली। आरपीएफ कर्मी की इस बहादुरी पर रेलवे अफसरों ने उसे शाबासी दी है। उसे आगे सम्मानित भी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर प्लेटफार्म नंबर छह पर आरपीएफ कांस्टेबल मान सिंह अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 14117 कालिंदी एक्सप्रेस 3.50 बजे रवाना हुई। ट्रेन अभी चली ही थी कि उसे पकड़ने के लिए एक पुरुष और एक महिला यात्री प्लेटफार्म पर दौड़ने लगे। चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में दोनों यात्री ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में आ गए। ट्रेन के साथ ही वह घसीटने भी लगे। वहां कांस्टेबल मान सिंह ने पहले पुरुष यात्री को प्लेटफार्म की ओर खींचा। इस दौरान वह भी थोड़ा असंतुलित हुए, तब तक प्लेटफार्म पर मौजूद अन्य यात्री भी महिला यात्री को बचाने के लिए पहुंचे। महिला यात्री को भी अन्य यात्रियों की मदद से आरपीएफ कर्मी ने प्लेटफार्म की ओर खींचा। इस दौरान किसी यात्री ने वहां चेन पुलिंग कर दी। राहत की बात यह रही कि दोनों यात्रियों को चोट नहीं लगी। आरपीएफ प्रयागराज जंक्शन प्रभारी एसके सिंह ने बताया कि महिला यात्री का नाम बबली सिंह है, वह प्रयागराज से कननैज जा रही थी। बाद में दोनों यात्रियों ने अपना सफर जारी रखने का निणन्य लिया और कालिंदी से ही रवाना हो गए।






# पत्रकारों के लिए नारद जी का जीवन अनुकरणीय-राकेश शरण मिश्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोंनभद्र।** आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन एवम मीडिया फोरम ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में नगर स्थित कार्यालय में पत्रकारों एवम अधिवक्ताओं ने ब्रह्मा जी के मानस पुत्र ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार नारद जी को उनके अवतरण दिवस पर याद करते हुए उनके जीवन को पत्रकारों के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम नारद जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवम पुष्प अर्पित कर के की गई। वरिष्ठ पत्रकार मीडिया फोरम ऑफ इंडिया के जिला संरक्षक एवम आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव राकेश शरण मिश्र ने कहा कि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र नारद जी पत्रकारिता जगत की जनक है और उनके द्वारा ही सर्वप्रथम समाचार संवाहक का कार्य प्रारंभ किया गया। वे तीनो लोक में निः स्वार्थ भाव से लोक कल्याण की भावना से घूम घूम कर समाचार का आदान प्रदान करते थे। उनका सम्पूर्ण जीवन ना केवल हम पत्रकारों के लिए बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मीडिया फोरम ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, महामंत्री पंकज पांडेय, पत्रकार संजीव कुमार श्रीवास्तव, नवीन नीरव पांडेय,दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमापति पांडेय, अधिवक्ता प्रदीप धर दिवेदी, अधिवक्ता जनार्दन पांडेय, अधिवक्ता मिथिलेश कुमार सिंह , प्रमोद कुमार दुबे सहित दर्जनों लोग उपस्थि थे।



## बलिया के इस बूथ केंद्र पर मतदान देने गए वृद्ध की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बलिया ।** मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की सहायता से बुजुर्ग के परिजनों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बलिया के पकड़ी थाना क्षेत्र के चकबहाउद्दीन गांव के प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 257 पर मतदान करने गए एक वृद्ध की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चकबहाउद्दीन गांव निवासी रामबचन चौहान (65) पुत्र स्व. गणेश चौहान मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर गए हुए थे। लाइन में खड़े होने के बाद ही उन्हें चक्कर आया और वही गिर पड़े। जब तक लोग उन्हें अस्पताल ले जाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।



# भीषण गर्मी में पानी की किल्लत को लेकर विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र,ओबरा।** सोमवार को बिल्ली मारकुंडी टोला खैरटिया के हरिजन बस्ती में सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय के बगल में खराब पड़े हैंडपंप के पास पानी की किल्लत के लिए ग्रामीणों द्वारा एक विरोध प्रदर्शन शिवदत्त दुबे के नेतृत्व मे किया गया । शिवदत्त दुबे ने बताया कि खैरटिया के विभिनन्न हिस्से जैसे डीह बाबा के पास दीपु गुप्ता के घर के पास, हरिजन बस्ती में चंद्रबली भारती के घर के सामने, तथा हनुमान जायसवाल के घर के बगल में तमाम हैंडपंप खराब है जिसकी सूचना प्रधान , ग्राम सचिव, तथा सहायक खंड अधिकारी को दी गई लेकिन फिर भी पानी की समस्या को दूर नहीं किया और नहीं हैंडपंप को बनाया गया और ना ही टैंकर द्वारा पानी की सप्लाई की गई और और सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा यह लोग सरकार की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पानी की किल्लत के कारण ग्रामीण जनता में भारी आक्रोश है सामुदायिक शौचालय के बगल में हैंडपंप लगभग 6 महीने से खराब है एक मोटर है जिसे केवल एक बाल्टी देने के बाद वह बंद हो जाता है फिर आधे घंटे बाद एक बाल्टी पानी देता है इस बस्ती में ना पीने का पानी है और ना ही शौचालय के लिए जिसके कारण इस बस्ती के पुरुष महिलाएं वह बच्चे बाहर खेतों मे शौच जाने के लिए विवश हैं प्रधानमंत्री मोदी जी की पानी की योजनाओं का सही तरह से क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा जिसके कारण आज इतनी आबादी के खैरटिया के टोला में प्रधानमंत्री की हर घर नल योजना को लागू नहीं किया गया आज इस भीषण गर्मी में पानी की बूंद के लिए लोग तरस रहे हैं और पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से बनारसी भारती, राजेंद्र भारती, अमर, चंद्रबली गौतम, राजेश,, ओंकार रवि सुरेंद्र राहुल सियाराम राम रूप तारा मीना देवी मीना देवी सुनीता किरण नेहा नैना प्रियंका प्रिया सन्हा मुननी पार्वती गुलहरी कबूतरी सरिता बसंती अनीता तमाम कई दर्जन ग्रामीण उपस्थित थे ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि यदि पानी की समस्या को अति शीघ्र दूर नहीं किया गया तो सारे ग्रामीण वासी एक बड़े आंदोलन के लिए बात होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व चोपन ब्लाक के अधिकारियों की होगी।



# राष्ट्रपति नामित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोमवार को उप जिला अधिकारी सदर रावटसगंज को अपने विभिनन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया । वही वक्ताओं ने कहा कि जिले में आम जनता की स्वास्थ्य संबंधी रक्षा करने व उन्हें राहत पहुंचाने वाली हैं। पार्टी की ओर से आज पूर्वांचल के जिलों में डॉ ओम शंकर के आमरण अनशन के समर्थन में आज जिला सोनभद्र में माले नेता शेख मोहम्मद कामरेड कलीम अंसारी ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा के छात्र नेता शेख अमीना खातून उर्फ चारु एक दिवसीय आमरन अनशन पर बैठे हैं आइसा नेता गुडि़या चंदा मीना भगत सिंह अशफ़ाकउल्ला खान उपस्थित रहेऔर उनकी अनदेखी के खिलाफ प्रतिवाद कार्यक्रम करते हुए आपसे इस संदर्भ में तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग करते हैं : 1. डॉ ओम शंकर द्वारा उठायी जा रही मांगों को अविलंब स्वीकार किया जाए और उनके विरुद्ध की गई उत्पीड़न की कार्रवाई रद्द की जाए। 2. बीएचयू अस्पताल में हर मरीज को बेड की सुविधा मिले और भ्रष्टाचार पर रोक लगे। 3. स्वास्थ्य का निजीकरण बंद हो। स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार का दर्जा मिले और स्वास्थ्य सुविधाओं पर बजट में पर्याप्त बढ़ोतरी की जाए।



मांगों को लेकर बीएचयू में आमरण अनशन पर बैठे जानेमाने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ ओम शंकर का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करने हेतु।वही बीएचयू का अस्पताल उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के लिए एक मात्र बेहतर व उच्चतर स्वास्थ्य केंद्र है। यह प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय चुनाव क्षेत्र में है। इस अस्पताल में सभी मरीजों को बेड उपलब्ध कराने, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और जन स्वास्थ्य के अधिकार की रक्षा के लिए प्रोफेसर ओमशंकर विगत सोलह दिनों से संस्थान में आमरण अनशन कर रहे हैं। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी -लेनिनवादी) डॉ ओमशंकर की मांगों का पुरजोर समर्थन करती है। उनकी मांगें जनहित की हैं और खासकर गरीब मरीजों के जीवन की

# हॉट सीट वाराणसी में गर्मी भी नहीं रोक सकी वोटरों का उत्साह, जमकर हो रहा मतदान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** यूपी की हॉट सीट वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण को लेकर शनिवार सुबह सात बजे से मतदान जारी है। गर्मी और धूप के चलते लोग सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंच गए और मतदान के लिए लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। वाराणसी जिले में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान शनिवार को कराए जा रहे हैं। चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार कड़ी सुरक्षा के बीच सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जा रहा है। जिले में मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बूथों पर कतारें लगी हैं। गर्मी की तपिश और लू के बावजूद कई केंद्रों पर महिलाओं ने बूथों पर जोश दिखाकर मतदान किया।अलग-अलग इलाकों में मतदान केंद्रों से बाहर निकलते ही कुछ महिलाओं ने हंसी ठिठोली करते हुए कहा कि जब घर में हमारी मर्जी चलती है तो वोट देने में भी चली है। आखिर हम आधी आबादी जो हैं। वहीं पहली बार मतदान करने वाले वोटरों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में मतदान करने के बाद महिला वोटरों ने तस्वीरें खिंचवाई। यहां स्थानीय मुद्दों पर लोग जमकर मतदान कर रहे हैं। वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मतदाताओं में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। युवाओं से लेकर महिलाओं व बुजुर्ग मतदान करने के लिए उत्सुक हैं। पहली बार मतदान करने वाले वोटरों में काफी उत्साह देखने को मिला








# सम्पादकीय

## सीटों पर जीत की 'सियासी सट्टेबाजी' और वोटर का विवेक

पीके के बयान ने विपक्ष के उस सोशल मीडियाई नरेटिव को तगड़ा झटका दिया है, जिसमें चार चरण बाद ही मोदी की सत्ता से बेदखली के गारंटी के साथ दावे किए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न टीवी न्यूज चैनलों को दिए जा रहे इंटरव्यू के बाद अगर किसी साक्षात्कार की चर्चा है तो वो है भाजपा के पूर्व चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की। अपना पुराना धंधा छोड़कर राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) ने यह कहकर सनसनी फैला दी कि भाजपा का 370 का नारा भले ही अवास्तविक लगे, लेकिन पार्टी 270 से नीचे हरगिज नहीं जा रही। दूसरे अगर बीजेपी 370 के नीचे गई तो निवेशकों को भारी नुकसान होगा। अगर प्रशांत किशोर के दावे को सही मानें तो देश में मोदी राज 3.0 तकरीबन तय है। उधर पीएम मोदी ने भी कह दिया है कि 400 पार के नारे को आंकड़ों में न पकड़ें, इसका भावार्थ लें कि चुनाव में एनडीए इसके आसपास रहने वाला है। यहां पीके की बात में कुछ दम इसलिए है कि वो भाजपा के अलावा भी कुछ दूसरी विपक्षी पाटिऱ्यों के चुनावी रणनीतिकार रह चुके हैं और अब खुद एक जन स्वराज पार्टी के संस्थापक हैं। पीके का चुनाव के करंट को पकड़ने और नापने का अपना तरीका है।अलबत्ता पीके के इस बयान ने विपक्ष के उस सोशल मीडियाई नरेटिव को तगड़ा झटका दिया है, जिसमें चार चरण बाद ही मोदी की सत्ता से बेदखली के गारंटी के साथ दावे किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा तो क्या समूचा एनडीए भी 272 के जादुई आंकड़े तक नहीं पहुंच रहा, कारण कि पूरे देश में भाजपा और मोदी विरोधी हवा है और इसका सीधा चुनावी फायदा इंडिया गठबंधन को हो रहा है। इसी आधार पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया है कि पांच चरणों में कुल 428 सीटों पर हुई वोटिंग में इंडिया गठबंधन 350 सीटें जीत रहा है। दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दावा है कि पांचवे चरण के बाद भाजपा सहित एनडीए गठबंधन की 310 सीटों पर जीत पक्की है। हम सरकार तो बना ही रहे हैं, अब सवाल सिर्फ 400 सीटों की फिनिश लाइन को टच करने का है।यह शायद पहला चुनाव है, जिसमें हर चरण के बाद दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वी गठबंधनों द्वारा जीत के आंकड़े 'राजनीतिक सट्टेबाजी' की तरह जारी किए जा रहे हैं, जबकि चुनाव के दो चरण अभी बाकी हैं। इस मनोवैज्ञानिक सियासी द्वंद्व का लक्ष्य मानो यह है कि क्लास टेस्ट के अंकों को ही बोर्ड परीक्षा का फाइनल रिजल्ट मान लिया जाए। इसी से समझा जा सकता है कि राजनीतिक रण में मुकाबला कितना कड़ा है। हकीकत में जनता के मन में क्या है, यह ठीक- ठीक कोई नहीं जानता बल्कि चुनावी रणनीतिकारों की कोशिश तो यह है कि जनता भी उसी वेव लेंथ पर सोचे, जो नेता सरेआम कह रहे हैं। इन तमाम दावों प्रतिदावों के बरक्स एग्जिट पोल सर्वे अभी आने बाकी हैं। वो क्या बताते हैं, यह और भी दिलचस्प होगा। बहरहाल जनमत की व्याख्याएं मतदान के हर चरण के बाद अलग- अलग तरीके से की जा रही हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन का मानना है कि पांचवे चरण तक आते- आते भाजपा के लिए एक आसान सी लगती प्रेमकथा अब ट्रैजिक स्टोरी में बदलने जा रही है। भाजपा का मानना है कि 'हाथी चले बाजार, कुत्ते भौंके हजार' की तर्ज पर वो और उसका संगठन अपना काम कर रहा है। चुनाव मुद्दों की सर्जिकल स्ट्राइक की बजाए वोटों के 'मैनेज मेंट' से जीता जाता है। नतीजे विपक्षी दावों का मुंह सिल देंगे। उधर विपक्ष बार- बार यह कह रहा है कि इस बार नतीजे चौंकाने वाले होंगे। वैसे भी अमूमन हर चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले ही होते हैं, हारने वाले के लिए तो होते ही हैं, कई बार जीतने वाले के लिए भी होते हैं। इसमें भी विपक्ष का ट्रिकी फंडा यह है कि अगर इंडिया गठबंधन एनडीए से ज्यादा सीटें जीत सका तो नैरेटिव बनेगा कि जनादेश मोदी और भाजपा के खिलाफ आया है, इसलिए सभी भाजपा विरोधी पाटिऱ्यां मिलकर सरकार बनाएंगी। अगर भाजपा फिर भी जीत गई तो ईवीएम पर हार का ठीकरा फोडना तय है। उसे 'जनादेश' की बजाए 'मशीनादेश' कहा जाएगा।इसी के चलते अपने-अपने इलेक्शन नरेटिव को स्थापित करने के लिए सोशल मीडिया पर काफी मेहनत और पैसा खर्च किया जा रहा है। एक ब्लॉगर ने तो यू-ट्यूब पर चौथे चरण के बाद प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान 'बीबीसी वर्ल्ड' के कथित सर्वे के आधार पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित कर डाली। सर्वे के बैक ड्रॉप में बीबीसी वर्ल्ड का लोगो भी दिखाया जा रहा था। लेकिन जब बीबीसी ने अपनी अधिकृत वेबसाइट पर उसके द्वारा ऐसा कोई चुनावी सर्वे नहीं करने की बात स्पष्ट की तो ब्लॉगर ने अपने वीडियो से चुपके से बीबीसी वर्ल्ड का लोगो हटा दिया। लेकिन तब तक उसे डेढ़ लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके थे। यह डिजिटल दुस्साहस का एक उदाहरण है।

# बढ़ रहा असंतोष; शिक्षा-रोजगार के मुद्दों से निपटना बड़ी चुनौती


चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सत्ता में आने वाली नई सरकार के सामने शिक्षा और रोजगार के मुद्दों से निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, समग्र रूप से शिक्षा प्राप्ति में बढ़ोतरी हुई है, इसके बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दरकार अब भी बनी हुई है।चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद चाहे जो भी सत्ता में आए, कुछ ऐसे अधिक छात्र रोजगार के लिए आवेदन कर रहे हैं, वहीं दो साल में बेरोजगार छात्रों की संख्या 2.3 गुना बढ़ गई है। यदि यह कोई अकेला मामला होता, तो इसे नजरअंदाज किया जा सकता था, लेकिन भारत में शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी पिछले कुछ समय से बड़ी चिंता का विषय रही है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन एवं दिल्ली स्थित थिंक टैंक मानव विकास बेरोजगारी दर उच्चतम क्वाइंटाइल (25.8 प्रतिशत) वाले युवाओं की तुलना में अधिक थी। यहां बता दें कि क्वाइंटाइल किसी आंकड़े को पांच बराबर भागों में विभाजित करती है। नतीजतन युवाओं के बीच उच्च बेरोजगारी दर आंशिक रूप से व्हाइट कॉलर जॉब की आकांक्षाओं के कारण हो सकती है, जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। सबसे गरीब युवा, और कम शिक्षित युवाओं) में रोजगार दर को कम कर रही है और बेरोजगारी दर बढ़ा रही है। इसके चलते उच्च शिक्षित युवा भी कम कौशल वाले ब्लू-कॉलर जॉब अपनाने लगते हैं।' एक और चिंतनीय विषय है कि तमाम उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्ति का स्तर अब भी निम्न बना हुआ है और गुणवत्ता चिंता का विषय है। गरीब राज्यों एवं हाशिये




मुद्दे हैं, जिन्हें अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उम्मीद है कि नई सरकार कुछ कटु सच्चाइयों पर अधिक ध्यान देगी। भारत तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम अक्सर जनसांख्यिकीय लाभांश के बारे में बातें करते हैं। देश के युवा कार्यबल में आर्थिक विकास, नवाचार और उत्पादकता को बढ़ाने की क्षमता है। लेकिन अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ते उन उच्च शिक्षित युवाओं के लिए पर्याप्त संख्या में उचित रोजगार सृजित नहीं कर पा रही है, जो सुरक्षित, ऊंचे वेतन वाली व्हाइट कॉलर जॉब की उम्मीद रखते हैं। रोजगार पाने का मतलब अक्सर कम वेतन वाला, अनिश्चित काम करना होता है। पिछले हफ्ते एक खबर पर मेरा ध्यान गया, जिससे पता चलता है कि स्थिति कितनी गंभीर है। एक राष्ट्रीय अखबार की खबर के अनुसार, आईआईटी कानपुर के एक पूर्व छात्र धीरज सिंह द्वारा दाखिल आरटीआई आवेदन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के 23 आईआईटी के करीब 38 प्रतिशत छात्र अब तक बेरोजगार हैं। समाचार में सिंह के हवाले से बताया गया है कि इस वर्ष सभी 23 में 7,000 छात्रों को आईआईटी कैंपस के माध्यम से नियुक्ति नहीं मिलि है।?सिर्फ दो साल पहले यह आंकड़ा इसके लगभग आधा (3,400) था। सिंह ने बताया कि जहां संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट, 2024 के अनुसार, भारत के बेरोजगार कार्यबल में 83 फीसदी युवा हैं और कुल बेरोजगार आबादी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 35.2 फीसदी थी, जो 2022 में बढ़कर 65.7 फीसदी हो गई। वर्ष 2023 के लिए परिशिष्ट के साथ मुख्यतः 2000 और 2022 के बीच के आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण और नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधरित यह रिपोर्ट बताती है कि शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी का स्तर काफी ऊंचा है। शिक्षा के स्तर के साथ युवा बेरोजगारी दर बढ़ी है। सनतक या उससे ज्यादा शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा है और शिक्षित पुरुषों के मुकाबले शिक्षित महिलाओं में बेरोजगारी दर ज्यादा है। क्या भारत के श्रम बाजार में उनके लिए अवसर हैं, लेकिन शिक्षित युवाओं के लिए बेहतर गुणवत्ता वाली पर्याप्त नौकरी नहीं है? आंकड़े इसी तरफ इशारा करते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी वाली बात यह है कि गरीब परिवारों के शिक्षित युवा विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों में हैं। रिपोर्ट बताती है कि 'सबसे कम मासिक प्रति व्यक्ति व्यय क्वाइंटाइल (29.4 प्रतिशत) में माध्यमिक या उच्च-माध्यमिक शिक्षा वाले युवाओं के बीच जिनके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संसाधनों और सामाजिक पूंजी का अभाव है, वे अधिक पीडि़त हैं।' चिंता की बात है कि हाशिये पर पड़े अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी दर अन्य पिछड़ा वर्ग या सामान्य श्रेणी के युवाओं की तुलना में ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामाजिक रूप से हाशिये के युवाओं में उच्च बेरोजगारी उन चुनौतियों का संकेत देती है, जिनका सामना उन्हें बेहतर रोजगार की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए करना पड़ता है। यह प्रवृत्ति सामाजिक विषमताओं को कायम रखती है और सामाजिक रूप से ऊपर उठने में बाधा उत्पन्न करती है। क्या उच्च शिक्षित युवाओं के लिए शिक्षा के स्तर और नौकरियों के बीच विसंगति समय के साथ बढ़ी है? इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट, 2024 इस बारे में कुछ संकेत देती है। यह बताती है कि उच्च शिक्षित युवाओं (पुरुष एवं महिला) का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा भी शामिल हैं, अपनी नौकरी से ज्यादा योग्यता रखते हैं। तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं में से भी 0.4 फीसदी ऐसे व्यवसायों में लगे हुए थे, जो उनकी योग्यता के अनुरूप नहीं थे। हालांकि समग्र रूप से शिक्षा प्राप्ति में बढ़ोतरी हुई है, जिससे नौकरी की मांग रही है, जो (उच्च शिक्षित के समूहों में मध्य एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षा के बाद ड्रॉप-आउट (स्कूल छोड़ने) की दर उच्च है। शिक्षा की गुणवत्ता लगातार चिंता का विषय है। स्कूली स्तर पर और सामान्य रूप से भी सीखने के स्तर में कमी आई है और उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता खराब है। हम ऐसी स्थिति को जारी नहीं रहने दे सकते। रिपोर्ट बताती है कि योग्यताओं, आकांक्षाओं और नौकरियों के बीच विस्फोटक अंतर असंतोष बढ़ा रहा है। हालांकि ऐसे मामले अपेक्षाकृत पिछड़े राज्यों में आम रहे हैं, लेकिन अब आर्थिक रूप से ज्यादा गतिशील राज्यों में भी ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। इसलिए अब सुदूर अतीत और सुदूर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय वर्तमान पर ध्यान देने का समय आ गया है।

## टी-20 क्रिकेट में बदलाव की दरकार

टी-20 क्रिकेट को करीब 21 साल हो चुके हैं। इसकी शुरुआत भी क्रिकेट की जन्मभूमि इंग्लैंड से हुई है। वहां 13 जून 2003 को पहला टी-20 मैच खेला गया था, जिसे भरपूर दर्शक मिले थे। धीरे-धीरे यह पूरे क्रिकेट जगत में फैल गया और वर्ष 2007 में टी-20 का वर्ल्ड कप खेल लिया गया, जो भारत ने जीता। एक बेहद नीरस और उबाऊ फाइनल मुकाबले के साथ इंडियन प्रीमियर



लीग (आईपीएल) का 16वां संस्करण समाप्त हो गया। बड़ा प्रशन यह उठता है कि क्या आईपीएल के मौजूदा फॉर्मेट को जारी रखा जाना चाहिए? क्योंकि क्रिकेट प्रेमियों की रुचि 20-20 ओवर के फॉर्मेट से कम होती जा रही है। मौजूदा आईपीएल टूर्नामेंट दो महीने से अधिक समय तक चला तो यह अपनी ओर बहुत अधिक लोगों को आकर्षित नहीं कर पाया। विगत चार से अधिक शताब्दियों से क्रिकेट ने कई बड़े बदलाव देखे हैं। टी-20 फॉर्मेट में बदलाव की शुरुआत अब भारत की भूमि से की जा सकती है। टी-20 क्रिकेट को करीब 21 साल हो चुके हैं। इसकी शुरुआत भी क्रिकेट की जन्मभूमि इंग्लैंड से हुई है। वहां 13 जून 2003 को पहला टी-20 मैच खेला गया था, जिसे भरपूर दर्शक मिले थे। धीरे-धीरे यह पूरे क्रिकेट जगत में फैल गया और वर्ष 2007 में टी-20 का वर्ल्ड कप खेल लिया गया, जो भारत ने जीता। अगले ही साल 2008 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल की शुरुआत कर दी। हालांकि, अब टी-10 क्रिकेट भी कई क्लब खेल रहे हैं।आईपीएल को भी अपने 18वें संस्करण को और रोमांचकारी बनाने की जरूरत है। बीसीसीआई टी-20 को टी-12 में बदलकर नई राह दिखा सकता है। इस फॉर्मेट में 11-11 खिलाड़ी ही हों। एक बॉलर अधिकतम 3 ओवर फेंके। एक ओवर में तीन बाउंसर फेंकने की परमिशन हो। बाउंड्री को थोड़ा छोटा किया जाए। बाकी नियम यथावत रखे जाएं। इससे एक तो समय की बचत होगी, दूसरा एक दिन में दो से अधिक मैच कराए जा सकेंगे। क्रिकेट का रोमांच बढ़ेगा। वनडे क्रिकेट के फॉर्मेट में बदलाव का समय भी आ गया है। मौजूदा 50 ओवर के वनडे मैच को 30 ओवर तक सीमित किया जाना चाहिए। एक गेंदबाज अधिकतम 6 ओवर फेंके। रनआउट के एक नियम में बदलाव हो, जिसमें बल्लेबाज के शॉट मारने पर बॉल इत्तेफाक से गेंदबाज की उंगलियों या पैर को छूकर विकेट में लगती है और दूसरे छोर का बल्लेबाज आउट हो जाता है। यह नियम क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से बाहर किया जाए। क्रिकेट की जन्मभूमि इंग्लैंड है। वहां 450 या 1066 ईस्वी में क्रिकेट की शुरुआत हुई, लेकिन वयस्कों के क्रिकेट खेलने का पहला प्रमाण साल 1611 में मिलता है, तब इसे लड़कों के खेल के रूप में परिभाषित किया जाता था। हालांकि, क्रिकेट के नियम साल 1744 में आए। तब दोनों कप्तानों को दो अंपायर चुनने का अवसर मिला। स्टांप की ऊंचाई 22 इंच कर दी गई। स्टंप्स की बेल्स का साइज 6 इंच रखा गया। गेंद का वजन 5 से 6 औंस के बीच था। पिच को 22 गज रखा गया।उस समय बल्ले के आकार और रूप को लेकर कोई पाबंदी नहीं थी, लेकिन 30 साल बाद साल 1774 में बल्ले को सीधा कर दिया गया। बल्ले की चौड़ाई 4 इंच कर दी गई। एलबीडब्लयू का नियम लागू कर दिया गया। तभी तीन स्टांप की शुरुआत हुई और हवा में गेंद को लहराकर फेंकने का चलन शुरू हुआ।

## यदि झूठ से पर्दा उठता है तो अच्छा है मीडिया ट्रायल

अपने पाठकों और दर्शकों की खबरों की भूख को शांत करने के लिए मीडिया 24 घंटे ऐसे केसों की रिपोर्टिंग करने लगता है। नोएडा का निठारी कांड हो या अभिनेता सलमान खान का चिंकारा शिकार केस, मीडिया केस में मीडिया की भूमिका पर एकबार चर्चा छिड़ी है। बड़ा वर्ग ऐसे केसों में मीडिया ट्रायल का पक्षधर है, जबकि एक वर्ग मीडिया ट्रायल की यह कहकर आलोचना करता है कि मीडिया कुछ विशेष केसों को उठाकर



रिपोर्टिंग को कठघरे में डालने की कोशिशें हुई हैं जॉली एलएलबी फिल्म आपको याद होगी? कैसे एक रसूखदार परिवार का बेटा राहुल दीवान अपनी महंगी कार से फुटपाथ पर रह रहे लोगों को कुचल देता है। पैसों के बल पर पूरा परिवार बेटे को बचाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करता है, लेकिन मीडिया और एक वकील की कोशिशों से आरोपी राहुल दीवान न केवल जेल जाता है, बल्कि पूरे भ्रष्ट तंत्र का खुलासा भी होता है। कुछ-कुछ यही कहानी पुणे के पोर्श कार केस की है। यहां भी नाबालिग आरोपी के दादा और पिता पुणे के नामी बिल्डर हैं। एक सामान्य सड़क पर नाबालिग अपने बर्थडे गिफ्ट में मिली 2.5 करोड़ रुपए की पोर्श कार को शराब के नशे में 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाता है। सड़क पर मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवाओं की जान ले लेता है, लेकिन रसूखदार परिवार सरकारी तंत्र की कमियों का फायदा उठाकर बेटे को बचाने की कोशिश करता है। यह कोशिश कुछ हद तक सफल भी होती दिखती है, लेकिन मीडिया की रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया पर आमजन का गुस्सा बढ़ने के बाद न्यायपालिका, सरकार और पुलिस को अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। पुणे के पोर्श कार पब्लिक प्रेशर बनाता है। हालांकि, यह बात सही है कि जब भी किसी रसूखदार व्यक्ति या परिवार द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम दिया जाता है तो मीडिया की भूमिका काफी बढ़ जाती है।यह बात सही है कि अपने पाठकों और दर्शकों की खबरों की भूख को शांत करने के लिए मीडिया 24 घंटे ऐसे केसों की रिपोर्टिंग करने लगता है। नोएडा का निठारी कांड हो या अभिनेता सलमान खान का चिंकारा शिकार केस, मीडिया रिपोर्टिंग को कठघरे में डालने की कोशिशें हुई हैं। मीडिया ट्रायल को गलत ठहराने वाला वर्ग यह भी तर्क देता है कि ऐसे केसों में मीडिया जज की भूमिका में आ जाता है और कोर्ट के निणऱ्य से पहले अपना फैसला खबरों के माध्यम से सुना देता है। जॉली एलएलबी फिल्म में भी राहुल दीवान का वकील तेजेंदर राजपाल कोर्ट में इसी बात को बार-बार उठाता है कि उनके मुवक्किल को मीडिया कोर्ट से पहले दोषी करार दे रहा है। सवाल यह है कि ऐसे केसों में क्या मीडिया को आंखें मूंदकर बैठ जाना चाहिए? क्या सीसीटीवी फुटेज में 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही पोर्श कार को अनदेखा कर दिया जाए? यदि इस केस में मीडिया तथ्यों की तह तक जाकर पूरे प्रकरण को उजागर नहीं करता तो बहुत संभव था कि दो मासूम युवाओं की जान लेने वाला अपराधी नाबालिग होने की दुहाई देकर मात्र 300 शब्दों का निबंध लिखकर छूट जाता। यह मीडिया ही है, जिसने रसूखदार परिवार और सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार के धागे खोल डाले। पोर्श कार केस में परिवार कितना रसूखदार है और तंत्र का कैसे इस्तेमाल करता है? यह मीडिया की खबरों से ही पता चला। कैसे शराब के नशे में कार चला रहे नाबालिग बेटे के ब्लड सैंपल को मां के ब्लड सैंपल से 50 लाख रुपए लेकर डॉक्टर बदल देते हैं रसूखदार परिवार घर के गरीब ड्राइवर पर बेटे के अपराध को स्वीकार करने का दबाव बनाता है। यहां तो मीडिया को साधुवाद दिया जाना चाहिए, कैसे वो इस अति गंभीर केस के सच को दुनिया के आगे लेकर आया। दूसरा, सोशल मीडिया जिसकी पहुंच मीडिया से कहीं तेज है, ने पुणे के पोर्श केस में पुलिस और सरकार को विवश किया कि वो रसूखदारों को बख्शे नहीं, कड़ी कार्रवाई करे। मीडिया ट्रायल की शुरुआत नब्बे के दशक के अंत में हुई। साल 2000 के बाद इसने तेजी पकड़ी। हालांकि, मीडिया ट्रायल की सीधे शब्दों में परिभाषा नहीं है, लेकिन एक बात मीडिया ट्रायल को लेकर कही जाती है कि इससे अपराध करने वाले की कोर्ट-कचहरी से पहले ही नकारात्मक छवि पेश कर दी जाती है। इससे न्यायपालिका से लेकर सरकार कहीं न कहीं प्रभावित होती है। मीडिया ट्रायल के विरोधी संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देकर इसे निजता पर हमला बताते हैं, लेकिन जो सच नंगी आंखों से दिख रहा है, क्या उसे अनदेखा किया जा सकता है? यदि मीडिया ट्रायल से एक अपराधी पकड़ा जाता है। अपने पैसों का इस्तेमाल करके छूट नहीं पाता और उसे उसके किए की सजा मिलती है तो इसके लिए मीडिया का धन्यवाद दिया जाना चाहिए। यदि अपराधों को रोकने और समाज को सही संदेश देने में मीडिया की भूमिका बढ़ती है तो यह ट्रायल अच्छा है। सोशल मीडिया पर भले लोग जज नहीं हैं, लेकिन लोकतंत्र में जनता के विचार मायने रखते हैं।

# यूपी का लीडर मतलब देश का लीडर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नोएडा** पंजाब के बठिंडा शहर में रहने वाले राज गर्ग आर्किटेक्ट हैं। उन्होंने 22 मई को सोशल मीडिया पोस्ट की। लिखा, ठभाजपा हाईकमान से अनुरोध है कि अगर बठिंडा सीट जीतनी है तो एक रैली योगी जी की करवा दो। योगी जी की डिमांड शहर ही नहीं गांव में भी है।ठ इस सोशल मीडिया पोस्ट पर कई और लोगों ने उनका समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा के सिरसा में 20 मई को जनसभा की। टोहाना के रहने वाले जिले सिंह बराला ने लिखा, ठयोगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए लोग दूसरे जिलों से आए। हर कोई बस 'बुलडोजर बाबा' को देखना चाहता था। हरियाणा के हर जिले से उनकी मांग है।ठ चंडीगढ़ में योगी आदित्यनाथ ने जनसभा की। जहां जनसभा हुई वहां के निगम पार्षद हरि शंकर मिश्रा हैं। वह कहते हैं, ठमैं खुशनसीब हूं कि योगी आदित्यनाथ जी पहली बार चंडीगढ़ आए और उन्होंने रैली के लिए मेरे वार्ड को चुना। उमड़ी भीड़ में हर कोई बस उन्हें देखना और सुनना चाहता है।ठ ये लोग हिंदी पट्टी के हैं लेकिन योगी महाराज को गैर हिंदी भाषी राज्यों में और अधिक पसंद किया जा रहा है। बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों में लोग योगी आदित्यनाथ का नाम सुनकर रोमांचित होते हैं। मैं जनवरी में केरल गया। तिरुवनंतपुरम से करीब 85 किलोमीटर दूर पथानामथिट्टा जिले में एक नगर पालिका अडूर है। कसबे के बाहर सड़क किनारे मोहीमुद्दीन और मुजीब चाय की दुकान चलाते हैं। बोले, ठयोगी महाराज को यहां सब 'बुलडोजर वाला बाबा' बोलते हैं। यहां के लोग उनकी सख्त कानून व्यवस्था वाली छवि के मुरीद हैं।ठ वजह पूछने पर मुजीब ने कहा, ठहमारे यहां अनुशासन पसंद लोग हैं। जब एक लीडर में अनुशासन देखते हैं तो बहुत खुश होते हैं।ठ इस लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में राष्ट्रीय नेता की




झलक देखने के लिए मिली है। योगी आदित्यनाथ ने अनवरत काम किया है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान में योगी आदित्यनाथ चिलचिलाती धूप व 45 डिग्री तापमान में आमजन के बीच पहुंचे तो भीषण गर्मी की परवाह किए बिना जबर्दस्त भीड़ उनकी रैलियों में उमड़ पड़ी। भाजपा के स्टार प्रचारक के तौर पर योगी आदित्यनाथ अब तक 12 राज्यों में चुनाव प्रचार कर चुके हैं योगी आदित्यनाथ पिछले 55 दिनों के भीतर करीब 175 कार्यक्रम कर चुके हैं। उन्होंने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन करके यूपी की चुनावी कमान संभाली थी। अब तक 120 जनसभा करके वह कमऱ्योगी के रूप उभरे हैं। उन्होंने यूपी के 15 जिलों में प्रबुद्ध सम्मेलन और 15 शहरों में रोड शो कर लिए हैं। योगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में मौजूद रहे। वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन किया। भजन 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' जुबां-जुबां पर चढ़ गया है। अयोध्या में 500 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान हुए तो इसका श्रेय मोदी के साथ योगी को भी मिल रहा है। अयोध्या, फैजाबाद लोकसभा सीट का हिस्सा है। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो करने पहुंचे तो संग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खड़े थे। उत्तर प्रदेश में अब तक 67 लोकसभा सीटों के लिए मतदान करवाया जा चुका है। योगी प्रत्येक सीट पर औसतन दो जनसभा कर चुके हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरूआती दो चरणों वाली 16 सीटों पर औसतन तीन जनसभाएं की हैं। 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले वेस्ट यूपी किसान आंदोलन से गूंज रहा था। तब वोटरों ने साफ-साफ कहा था कि नाराजगी योगी से नहीं है। उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरा समर्थन है लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को विरोध का सामना करना पड़ेगा। यह बात साफ नजर आई है। अब लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ, मोदी के आगे खड़े नजर आए। उन्हें देखकर मतदाता सोचने के लिए मजबूर हुए हैं। योगी यूपी की राजनीति में वह कद और आम आदमी के दिलों में वह जगह हासिल कर चुके हैं, जहां उनकी बात सुनना जरूरी है। अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत, नरेंद्र मोदी पर हमलावर रहते हैं लेकिन योगी आदित्यनाथ पर सवाल पूछते ही चेहरे पर मुस्कराहट छिपा नहीं पाते हैं योगी आदित्यनाथ की उम्र 52 वर्ष है। उनकी कैबिनेट में 21 मंत्री हैं। इनमें से केवल पांच मंत्री साल या छह महीने योगी से छोटे हैं। बाकी 16 मंत्री उनसे 15 से 25 साल तक बड़े हैं। राहुल गांधी उनसे दो साल बड़े हैं। अखिलेश यादव करीब एक साल छोटे हैं। यह जानकारी देने का मकसद यह बताना है कि योगी आदित्यनाथ सन्यासी होने के कारण बाबा हैं। वह उम्र से बाबा नहीं हैं। साथ ही, आपको अंदाजा हो जाएगा कि आने वाले करीब ढाई दशक राष्ट्रीय राजनीति के कैसे रहेंगे? जब नरेंद्र मोदी प्रचंड बहुमत के साथ 2014 में चुनाव जीते तो दो बड़ी वजह थीं। पहली, उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी की गलती को सुधारा और गुजरात के साथ उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ा। दूसरी वजह यह थी कि जब मोदी उत्तर प्रदेश आए तो यहां कोई नेता नहीं था। अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे लेकिन जननेता नहीं बने थे। राहुल गांधी कांग्रेस की सरकारों के भ्रष्टाचार और परिवारवाद का शिकार हो गए थे। भाजपा के राजनाथ सिंह ने तो खुद नरेंद्र मोदी को गोवा में प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था। कुल मिलाकर मोदी गुजरात से आए लेकिन उत्तर प्रदेश के नेता बन गए अब स्थितियां बदल गई हैं। उत्तर प्रदेश में सत्ता पक्ष के नेता योगी आदित्यनाथ हैं। विपक्ष मजबूत हुआ है। राहुल और अखिलेश की चमक बढ़ी है। लिहाजा, उत्तर प्रदेश की जनता का फोकस बंट रहा है। और जो यूपी का लीडर, वही देश का लीडर।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का उद्घाटन 1 जून को

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान युवा शक्ति को संस्कारित करने के लिए ठविशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविरठ का भव्य आयोजन शिक्षाविद् डॉ.अमिता चौहान व डॉ.अशोक कुमार चौहान के








सानिध्य में शनिवार 1 जून से रविवार 9 जून 2024 तक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में किया जा रहा है।शिविर में 250 युवकों को योगासन,लाठी, बाक्सिंग,जूडो कराटे आदि आत्मरक्षा शिक्षण दिया जायेगा।साथ ही वैदिक विद्वानों द्वारा आर्य संस्कृति की जानकारी दी जाएगा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने बताया कि शिविर का उद्घाटन शनिवार 1 जून 2024 को शाम 5.00 बजे होगा जिसमें दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. योगानंद शास्त्री मुख्य अतिथि रहेंगे व आनंद चौहान अध्यक्षता करेंगे।वैदिक विद्वान डॉ.जयेन्द्र आचार्य,बहिन गायत्री मीना,अजय चौहान,मेजर जनरल आर के एस भाटिया,ब्रिगेडियर मुक्ति कांत महापात्र,डॉ. डी के गर्ग,प्रिन्सिपल रेणु सिंह,अमरेश त्यागी आदि आशीर्वाद प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने आर्य जनता से समारोह में पहुंचने की अपील की है। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र भाई ने बताया कि कार्यक्रम का यू ट्यूब चैनल ठआर्य युवक परिषदठ पर लाइव प्रसारण होगा एवं व्यायाम शिक्षक योगेन्द्र शास्त्री,सौरभ गुप्ता, अरुण आर्य,विकास कुमार,प्रदीप आर्य,रोहित कुमार,मोहित कुमार आदि शिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर समापन समारोह रविवार 9 जून को प्रात 11.00 बजे होगा जिसमें संसद सदस्य डॉ. महेश शर्मा मुख्य अतिथि होंगे व डॉ.अशोक कुमार चौहान अध्यक्षता करेंगे। आर्य युवकों के व्यायाम प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे।

### टावर के नीचे की जा रही है खुदाई बड़े हादसा को दी दावत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत लसड़ा में खुलेआम हाई टेंशन का टावर के नीचे अवैध जेसीबी ट्रैक्टर ट्राली संचालकों द्वारा मिट्टी खुदाई कर बड़े हादसे को



दावत दे रहे हैं। बतादे की ग्रामीणों ने बताया कि इस तरीके से लाइट टावर के नीचे मिट्टी खुदाई करने के पश्चात टावर कभी भी क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिर सकता है जिससे कि काफी जान्हा होने की संभावना है इस संदर्भ में कई बार संबंधित अधिकारियों से वार्ता की गई उसके बावजूद मन माने तरीके से दबंग जेसीबी संचालक द्वारा जबरन टावर के नीचे मिट्टी खुदाई कर वाहन गड्ढे बना दिए जा रहे हैं उधर इस संदर्भ में नई बाजार चौकी प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामले संज्ञान में आया कि हालांकि इसकी जांच कर कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी और कोड़ी गई मिट्टी पुनःह वापस टावर के नीचे पटवाई जाएगी।

# जीएल बजाज में मेन्टल हेल्थ कोंन्क्लेव का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज कॉलेज में आगामी शिक्षण सत्र को ध्यान में रखते हुए छात्रों और शिक्षकों के लिए एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य सम्मलेन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध उपदेशक और आध्यात्मिक गुरु गौर गोपाल दास ने भाग लिया। गुरु गोपाल दास, जीएल बजाज के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल, डीआइओएस डॉद धर्मवीर सिंह, बीएसए राहुल पंवार ने दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। सभागार को सम्बोधित करते हुए गोपाल दास ने छात्रों से कहा कि हम हर किसी की कहानी में नायक नहीं हो सकते हैं। ऐसे में सबके लिए अच्छा बनने का दबाव छोड़ दें। यह मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए सबसे जरूरी है। महाभारत का उद्दाहरण देते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण भी शिशुपाल की कहानी में अच्छे नहीं थे। जीवन में अच्छा मार्गदर्शक जरूरी है जिससे हर संकट दूर जाएगा। जब लगे कि हार रहे हैं तो किसी से सहायता लें। महाभारत में अर्जुन से ज्यादा मानसिक द्वंद किसी के सामने नहीं था। उन्होंने धर्म संकट में भगवान श्रीकृष्ण की तरफ देखा और उसके बाद सारी बाधाओं को पार करते हुए विजयी हुए। अपने जीवन में कुछ अच्छे रिश्ते



बनाइए, पहचानिए आपके जीवन में कौन श्रीकृष्ण जैसा सारथी हो सकता है। एक अच्छा प्रेरक वक्ता और मार्गदर्शक आपका जीवन बदल सकता है। परेशानी में किसी की मदद लें, मदद से आप हर संकट से निकल जाएंगे। उन्होंने छात्रों से कहा दूसरों के लिए स्वयं को नजर अंदाज न करें, अगर ऐसा कर रहे हैं तो आप जी नहीं रहे है, बल्कि जीते जी रोज मर रहे हैं। लोग क्या सोचेंगे इसकी चिंता लोगों पर छोड़ दीजिए यह भी आप ही सोचेंगे तो वह क्या करेंगे। रोजमर्रा की बातों से मानसिक स्वास्थ्य को समझाते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह हवाई जहाज का टेक आफ और लैंडिंग हमारे हाथ में नहीं होता है। ठीक उसी तरह जन्म और मृत्यु भी हमारे हाथ में नहीं होता है। टेक आफ और लैंडिंग के बीच भी हवाई जहाज सफर में एक समान नहीं रहता है। कभी हवा का तो कभी वर्षा और बादलों का दबाव पड़ता है। ठीक इसी तरह हमारी जीवन यात्रा में तमाम परेशानियां आती है और उन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता है। जीवन में आगे बढ़ने और खुश रहने के लिए जरूरी है कि हम इन पर फोकस करने की बजाय जो हम कर सकते हैं, उस पर फोकस करें। अपना उदाहरण देते देते हुए बताया कि महाराष्ट्र में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान तीन सेमेस्टर में मै टापर रहा।चौथे सेमेस्टर में चार अंकों के कट जाने से दूसरे स्थान पर आ गया। वो चार अंक मेरे सबसे प्रिय प्रोफसर ने मौखिक परीक्षा में काट दिए थे मैं अंदर से दुखी हो गया था। तब मेरे पिता ने मुझे एक सीख दी कि जो हमारे हाथ में नहीं है उस पर सोचकर समय खराब मत करो वो चार नंबर प्रोफेसर के हाथ में थे लेकिन आगे का जीवन तुम्हारे हाथ में है। स्थिर चीजों की बजाय रचनात्मक चीजों पर फोकस करें। अगर मैं टूट गए होता तो आज इंटरनेट मीडिया पर आठ मिलियन लोग नहीं देख रहे होते। प्रेरक वक्ता गोपाल दास की बातों को छात्र-छात्राओं ने बेहद ध्यान से सुना और अपने सवालों का समाधान भी पाया। ध्यान से आएगा बदलाव अगले सत्र के दौरान गौर गोपाल दास ने जीवन में ध्यान को अपनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पांच मिनट ध्यान का अभ्यास कराते हुए कहा कि बहुत ज्याद सोचने की आदत बंद करें और रोज पांच मिनट का समय निकालें आंखें बंद कर गहरी सांस लें और छोड़ें और सांस लेते समय सकारात्मक चीजों पर फोकस करें। मोबाइल की लत को करें कम जिंदगी में मोबाइल और इंटरनेट मीडिया की लत को कम से कम करने की सलाह देते हुए कहा कि आज यह काम की चीज है। हम इसको छोड़ नहीं सकते हैं, लेकिन इस पर मिलने वाली हर सलाह से बचें। यहां कुछ भी सत्यापित नहीं है। इंटरनेट पर विडियो के जरिए मिली सलाह आपको बीमार कर सकती है। दिन में कुछ समय बिना मोबाइल का रहने के लिए तय करें। मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए सप्ताह में एक दिन डिजिटल उपवास करे मानसिक स्वास्थ्य से होता है स्वस्थ समाज का निर्माणः- पंकज अग्रवाल (वाइस चेयरमैन जी एल बजाज) जीएल बजाज इंस्टीट्?यूट के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा स्वस्थ समाज के लिए मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होना जरूरी है। जीवन में बढ़ते तनाव के कारण अवसाद बढ़ रहा है। रिश्तों में खटास पैदा हो रही है। मानसिक स्वास्थ्य से इन सभी समस्याओं को हल किया जा सकता है।

## मानवता और संस्कृति की रक्षा करने वाले लोग हमेशा याद किए जाने चाहिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने मानवता के कल्याण और ऐसे समय में सनातन संस्कृति की रक्षार्थ कार्य किया, जब देश, विदेशी हुकूमत के अधीन था। हमारी आने वाली पीढ़ियों को उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को आत्मसात कर, अपने भविष्य का निर्माण करना चाहिए। उपरोक्त शब्द जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आज दिनांक 31 मई 2024 को ग्राम गोपालगढ में 28 ग्रामों के लोगों द्वारा मनाई जा रही महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहे। बघेल समाज की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम किशोरपुर, गोपालगढ़, तिरथली, बेगमाबाद, डूढेरा, भगवंतपुर, शमशमनगर, कुरैव, नगला छीतर, नगला हुकम सिंह, दयानतपुर, परोरी, करौली आदि अन्य ग्रामों के श्री महावीर सिंह बघेल, देवेश बघेल, टेकचंद बघेल, जलसिंह बघेल, श्रीया बघेल, पवन बघेल, कन्हैया बघेल, गिर्राज बघेल, विजेन्द्र फौजी आदि सैकडों लोग मौजूद रहे। ठनियमित संवाद समस्याओं का निराकरण है, ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्र, हर जगह की अलग अलग समस्याएं होती हैं और जब संवाद होता है तो, निश्चित रूप से हम समस्याओं के समाधान की ओर बढते हैं उपरोक्त जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आज दिनांक 31 मई 2024 को जेवर विधानसभा के सैक्टर पी3 में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कहे। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने लोगों का आह्वान करने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं जाने की अपील भी की। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि ठहमने प्राधिकरण से सैक्टर पी3 और पी4 के लिए 03 करोड़ 47 लाख रुपए की धनराशि से तकरीबन 11 हजार मी0 लम्बाई की सडकें, जिनकी संख्या 65 है, मंजूर करायी गयी हैं, जिनसे यह दोनों सैक्टर स्वच्छ नजर आयेंगे। पिछली बार सैक्टरवासियों द्वारा बाउंड्रीवॉल की चारदीवारी का कार्य बताया था, जो आरंभ कर दिया गया है, लेकिन सरकार द्वारा कराए जा रहे कामों के प्रति हर सैक्टर वासी को सजग रहना चाहिए और सहयोग के साथ पार्कों, सड़कें, सामुदायिक केन्द्र तथा उनके रख-रखाव के लिए आगे आकर सहयोग करना चाहिए।



# इंग्लैंड की क्रिकेटर ने शतक ठोककर अपनी एनिवर्सरी को बनाया स्पेशल, दिग्गज ऑलराउंडर ने बना दिया बड़ा रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और पाकिस्तान की महिला क्रिकेटरों के बीच इस समय तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा है।



इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 302 रन बनाए। टीम को यहां तक पहुंचाने में दिग्गज ऑलराउंडर नेट सिवर ब्रंट का अहम रोल रहा। उन्होंने शानदार शतक ठोका। ये शतक ब्रंट के लिए खास है। नेट सिवर ब्रंट उन महिला क्रिकेटरों में से हैं जिन्होंने महिला क्रिकेटर से ही शादी की। दो साल पहले नेट ने अपने ही देश की कैथरीन ब्रंट से शादी की थी। दोनों की शादी को कल ही दो साल पूरे हुए हैं और अगले दिन इस खिलाड़ी ने शानदार शतक जमा एनिवर्सरी का स्पेशल बना दिया। इसी के साथ उन्होंने एक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। नेट उन महिला क्रिकेटरों में से हैं जिन्होंने महिला क्रिकेटर से ही शादी की। दो साल पहले नेट ने अपने ही देश की कैथरीन ब्रंट से शादी की थी। दोनों की शादी को कल ही दो साल पूरे हुए हैं और अगले दिन इस खिलाड़ी ने शानदार शतक जमा एनिवर्सरी का स्पेशल बना दिया। ब्रंट ने इस मैच में 117 गेंदों पर 124 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने 14 चौके और दो छक्के मारे। ये ब्रंट के वनडे करियर की चौथी सेंचुरी है और इसी के साथ वह महिला क्रिकेट में वनडे प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में तीसरे नंबर पर आ गई हैं। उनसे आगे न्यूजीलैंड की सुजी बेट्स हैं जो 13 शतकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग 15 शतकों के साथ पहले नंबर पर हैं। डेनी व्याट ने उनका साथ दिया और 42 गेंदों पर 44 रनों की पारी खेली। एमी जोंस ने 27 रन बनाए। एलिसा कैप्सी ने नाबाद 39 रनों का योगदान दिया।नेट और कैथरीन दोनों इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलती हैं। इस दौरान दोनों में प्यार हुआ और दोनों ने शादी करने की ठान ली। दोनों ही इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हैं और जब इन दोनों के रिलेशनशिप की खबर सामने आई थी तो सभी हैरान रह गए थे। मई 2022 में दोनों ने शादी करने का फैसला किया।

# कभी न कभी भारतीय टीम में मुझे चुनना ही होगा खुद पर रियान को है पूरा भरोसा, सेलेक्टर्स का खींचा ध्यान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**असम के युवा खिलाड़ी रियान पराग को अपने कौशल और प्रतिभा पर इतना भरोसा है कि वह पूरे आत्मविश्वास से कहते हैं कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं भारत के लिए खेलूंगा। पराग ने कहा कि कभी न कभी आपको मुझे चुनना ही होगा। यह मेरा विश्वास है, मैं भारत के लिए खेलूंगा। पर ये पता नहीं कि कब खेलूंगा। म के युवा खिलाड़ी रियान पराग को अपने कौशल और प्रतिभा पर इतना भरोसा है कि वह पूरे आत्मविश्वास से कहते हैं कि चाहे कुछ भी हो जाए मैं भारत के लिए खेलूंगा। पराग ने कहा कि कभी न कभी आपको मुझे चुनना ही होगा। यह मेरा विश्वास है मैं भारत के लिए खेलूंगा। पर ये पता नहीं कि कब खेलूंगा। असम के 22 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने राजस्थान रायल्स के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए आइपीएल में 150 के करीब स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए हैं। पराग ने कहा कि जब मैं रन नहीं बना रहा था, तो मैंने पहले साक्षात्कार में भी कहा था कि मैं भारत के लिए जरूर खेलूंगा। उन्होंने कहा कि यह मेरा खुद पर विश्वास है। यह मेरा अहंकार नहीं है। जब मैंने 10 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब मेरे पिता (रेलवे और असम के पूर्व खिलाड़ी पराग दास) के साथ मेरी यही योजना थी।'ऐसी संभावना है कि रियान को अभिषेक शर्मा और हर्षित राणा के साथ जिंबाब्वे दौर के लिए चुना जाएगा। पराग ने कहा, 'यह अगला दौरा होगा या छह महीने में एक दौरा होगा या फिर एक वर्ष में एक दौरा होगा, मैं कब खेलूंगा, इस पर मैंने विचार नहीं किया है। यह चयनकर्ताओं का काम है।

# मैं तुझे कुछ होने नहीं दूंगा 21 सेकेंड में महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फैन को लड़ने की दी हिम्मत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी काफी दिलदार माने जाते हैं। वह अपने फैंस को कभी निराश नहीं करते। चाहे एयरपोर्ट हो या होटल में मिलने आए फैंस, माही सबकी सुनते हैं। उनकी मुराद पूरी करते हैं। एक बार फिर माही ने दिखाया है कि उनके लिए उनके फैंस काफी मायने रखते हैं और उनके लिए उन्हें सख्त भी होना पड़े तो वह हो जाते हैं। मामला आईपीएल 2023 के मैच का है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स का मैच था। इस मैच में जब धोनी बल्लेबाजी कर रहे थे तब एक फैन मैदान में घुस आया था। अब इस फैन का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ये फैन बता रहा है कि धोनी और उनकी क्या बात हुई थी। मामला आईपीएल 2023 के मैच का है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स का मैच था। इस मैच में जब धोनी बल्लेबाजी कर रहे थे तब एक फैन मैदान में घुस आया था। अब इस फैन का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ये फैन बता रहा है कि धोनी और उनकी क्या बात हुई थी।



इस फैन ने बताया कि धोनी ने उनसे 21 सेकेंड बात की और इस दौरान एक बड़ा वादा कर दिया। इस फैन ने बताया कि जब उसने धोनी को देखा तो सरेंडर कर दिया लेकिन धोनी भागकर जा रहे थे, जब इस फैन ने उनका पीछा किया तो धोनी ने कहा है कि वह मजाक कर रहे हैं। फैन ने कहा, ठजब मैंने उन्हें देखा, मैंने उनके सामने सरेंडर करने की कोशिश की। मैंने खुशी में अपने हाथ ऊपर उठा दिए और उनके पीछे भागा। तब माही भाई ने कहा कि मैं मजाक कर रहा हूं यार।फैन ने कहा, ठ मैं तो पागल हो गया था। मैंने उनके पैर छुए। वह लीजेंड है। मेरी आंखों मे आंसू थे। उन्होंने मुझसे पूछा का हांफ क्यों रहा है। मैंने उनसे कहा कि मेरी नाक में परेशानी है। माही भाई ने कहा कि तू उसकी चिंता मत कर। मैं तुझे कुछ नहीं होने दूंगा।फैन फिर बताया कि उनकी धोनी से 21 सेकेंड बात हुई और फिर बाउंसर आ गए। फैन के मुताबिक बाउंसरों ने उन्हें प पकड़ लिया था लेकिन धोनी ने उन्हें छुडाया और जो लोग उन्हें बाहर ले जा रहे थे उनसे सख्त लहजे में कहा, ठइसे कुछ नहीं करना, जाने दो इसे।ठ फैन ने बताया कि धोनी ने बाउंसरों से तीन बार सख्त लहजे में ये बात कही।

# कुलदीप यादव ने इस बात में कर दी देरी, खुद किया खुलासा, जानिए 'कुलचा' की जोड़ी और रोहित की कप्तानी पर क्या कहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने जब से अपनी गेंदबाजी में परिवर्तन किया है, वह बिल्कुल अलग रंग में दिखे हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में कई वर्षों के बाद एक बार फिर कुलचा (कुलदीप-चहल) जोड़ी भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में एक साथ दिखेगी। इसे लेकर कुलदीप बहुत उत्साहित हैं। कुलदीप का मानना है कि गेंदबाजी में जो परिवर्तन उन्होंने अब किए हैं, अगर पहले कर लिए होते तो उन्हें और अवसर मिलते। हालांकि, वह यह भी कहते हैं कि असफलताओं से सीखकर ही हम बेहतर होते हैं। अभिषेक त्रिपाठी ने कुलदीप यादव से विशेष बातचीत की,




पेश हैं मुख्य अंश कुलदीप यादव ने हाल के दिनों में अपनी गेंदबाजी में काफी सुधार किया है और इसी कारण वह टी20 वर्ल्ड कप में प्लेइंग-11 में पहली पसंद माने जा रहे हैं। कुलदीप ने माना है कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में जो बदलाव किए हैं उनमें उन्होंने देरी कर दी। इसके अलावा कुलदीप ने अपने पुराने दोस्त युजवेंद्र चहल के साथ जुगलबंदी को लेकर भी अपनी बात रखी है। कुलदीप- हां, बिल्कुल अभी आईपीएल समाप्त हुआ है। यह सत्र व्यक्तिगत रूप से भी बहुत अच्छा रहा। तैयारियां भी अच्छी चल रही हैं। बीच में चोटिल हो गया था, लेकिन अब पूरी तरह रिकवर हो चुका हूं। हालांकि, अभी विश्व कप में पहले मैच में लगभग एक सप्ताह का समय है। तैयारियों के लिए हमें अच्छा समय मिला है। न्यूयार्क में हमने पहले कभी नहीं खेला है, इसलिए ये छह-सात दिन तैयारियों और पिच को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। स्थिति और मैदान के आयाम को समझने के लिए भी ये बहुत जरूरी है। विश्व कप को लेकर बहुत उत्सुक हैं। हर खिलाड़ी का यह सपना होता है कि वह अपने देश के लिए विश्व कप जीते। हम उसी उम्मीद से जाएंगे। कुलदीप- विश्व कप को लेकर तो नहीं लेकिन हमारी बातचीत ऐसे ही हुई थी। जब हमारा मैच था मुंबई इंडियंस से तब बात हुई थी। मुंबई इंडियंस के विरुद्ध पहले मैच में चोटिल होने के कारण मैं खेल नहीं सका था। इंजरी को लेकर बात हुई थी उनसे पर कोई और विशेष बातचीत नहीं हुई थी। उन्होंने तब पूछा था कि रिकवर होने में कितना समय लगेगा। कुलदीप- बिल्कुल, वह युवाओं का बहुत समर्थन करते हैं। उन पर भरोसा जताते हैं। कोई नया खिलाड़ी टीम में आता है तो उसका बहुत समर्थन करते हैं। वह युवाओं पर इतना भरोसा जताते हैं जो शायद उन्हें स्वयं पर भी नहीं हो। आपने इंग्लैंड के विरुद्ध सीरीज में देखा होगा, उन्होंने युवाओं का कितना समर्थन किया। मैं अगर अपनी बात करूं तो मुझ पर वह बहुत भरोसा जताते हैं। वह मेरी गेंदबाजी को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं इसलिए वह चाहते थे कि मैं उनमें जरूरी बदलाव करूं, जिसे करने पर मुझे बहुत लाभ हुआ है। मैंने जब बदलाव किए तो मेरी गेंदबाजी पहले से बेहतर भी हो गई और आत्मविश्वास भी बहुत बढ़ गया। समर्थन तो उनका रहा ही है। कुलदीप- हंसते हुए, नहीं ऐसा बिल्कुल नहीं है। मै स्वयं अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचता हूं। विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में मुझे लगता है कि मैं कुछ योगदान कर सकता हूं तो मेरा प्रयास यही था। इंग्लैंड सीरीज में मेरी पारियां महत्वपूर्ण थीं। मै अपनी बल्लेबाजी का बहुत आनंद ले रहा था। इंग्लैंड सीरीज में मैंने अच्छी बल्लेबाजी की तो मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ा। रोहित भाई ने नेट अभ्यास के दौरान मुझे कुछ सुझाव दिए थे। साथ ही विक्की पाजी (विक्रम राठौड़) ने भी बहुत सहयोग किया। राहुल भाई बल्लेबाजी को लेकर कुछ नहीं बोलते थे क्योंकि उनका कहना था कि बल्लेबाज हमारे लिए रन बना लेंगे आप गेंदबाजी पर ध्यान दो। हां, सभी का समर्थन था लेकिन किसी ने कभी दबाव नहीं दिया कि बल्लेबाजी करनी ही है। सब का केवल यही कहना था कि आप अपने आप को पहचानो। आपके अंदर कौशल है तो आप कर सकते हो तो करना चाहिए। कुलदीप- वेस्टइंडीज में पिचें धीमी ही होंगी। मैंने वेस्टइंडीज में ही उजली गेंद से पदार्पण किया था। यहां स्पिनरों को थोड़ी मदद मिल सकती है। हालांकि, टी-20 प्रारूप है तो यहां स्पिनरों के दिमाग में यही होता है कि रन कम देने हैं।

# आईपीएल स्टार्स की गैरमौजूदगी में भी वेटइंडीज ने किया धमाल, मजबूत दक्षिण अफ्रीका को पहले टी20आई में रौंदा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**प्लेयर ऑफ द मैच ब्रेंडन किंग (79) की कप्तानी पारी और मैथ्यू फोर्डे व गुडाकेश मोती की उदा गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में 28 रन से मात दी वेस्टइंडीज ने कप्तान ब्रेंडन किंग (79) और गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका को पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में 28 रन से मात दी। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिक्स (87) ने उदा पारी खेली लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रहा किंग्सटन में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही कैरेबियाई टीम ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। पता हो कि वेस्टइंडीज टीम अपने कई नियमित खिलाड़?यों के बिना खेल रही हैं, जो आईपीएल में व्यस्त हैं। 26 मई को फाइनल के बाद कैरेबियाई खिलाड़ी आगामी टी20 वल्ड कप के लिए दोबारा टीम से जुड़ेंगे। वैसे, भी दोनों टीमों के लिए यह सीरीज टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। 176 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मैथ्यू फोर्डे ने क्विंटन डी कॉक (4) को विकेटकीपर फ्लेचर के हाथों कैच आउट करा दिया। जल्द ही रेयान रिकलटन



(6) को रोस्टन चेस ने विकेटकीपर के हाथों झिलवाया। रीजा हेंड्रिक्स ने एक छोर संभाले रखा और कैरेबियाई गेंदबाजों पर हमला बोलते रहे, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। मैथ्यू ब्रीट्जके (19) और कप्तान रासी वान डर डुसैन (17) छोटा योगदान देकर पवेलियन लौट गए। वियान मुल्डर को मोती ने खाता भी नहीं खोलने दिया। इसके अलावा बीजोर्न फॉर्टूइन, गेराल्ड कोएत्जे और ओटनील बार्टमैन भी खाता नहीं खोल सके। हेंड्रिक्स ने 51 गेंदों में छह चौके और छह छक्के की मदद से 87 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की टीम 147 रन पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की तरफ से मैथ्यू फोर्डे और गुडाकेश मोती को तीन-तीन विकेट मिले। ओबेड मैकॉय को दो विकेट मिले। रोस्टन चेस और शमार जोसेफ को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को ब्रेंडन किंग (79) ने उम्दा शुरुआत दिलाई। उन्होंने जॉनसन चार्ल्स (1) के साथ पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़े। बार्टमैन ने चार्ल्स को रिकलटन के हाथों कैच आउट कराकर मेजबान टीम को पहला झटका दिया। फिर काइल मेयर्स (34) ने कप्तान किंग का साथ निभाया और दूसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। एंडिल फेहलुकवायो ने किंग को डुसैन के हाथों कैच आउट कराकर दक्षिण अफ्रीका को राहत की सांस दिलाई। ब्रेंडन किंग ने केवल 45 गेंदों में छह चौके और छह छक्के की मदद से 79 रन बनाए। गेराल्ड कोएत्जे ने काइल मेयर्स को हेंड्रिक?स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई। रोस्टन चेस (32ङ) एक छोर पर डटे रहे, लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरते रहे। आंद्रे फ्लेचर (1), फेबियन एलेन (1), अकील हुसैन (2), मैथ्यू फोर्डे (5) और गुडाकेश मोती (1) जल्दी-जल्दी आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से ओटनील बार्टमैन और एंडिल फेहलुकवायो ने तीन-तीन विकेट झटके। गेराल्ड कोएत्जे को एक सफलता मिली।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# एमएस धोनी के रिटायरमेंट को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट,सीएसके ने बताया क्या है माही का फ्यूचर प्लान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चेनन्ई सुपर किंग्स का आईपीएल 2024 का सफर खत्म हो चुका है। सीएसके को अपने आखिरी लीग मैच में आरसीबी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में मिली जीत के साथ ही आरसीबी की टीम ने प्लेऑफ का टिकट हासिल किया थ एमएस धोनी की कप्तानी में सीएसके ने पांच बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया है लेकिन आईपीएल के 17वें सीजन में धोनी ने सीएसके की कैप्टेंसी छोड़ने का फैसला किया। धोनी की जगह रुतुराज गायकवाड़ को सीएसके टीम का कप्तान बनाया गया। गायकवाड़ की कप्तानी में सीएसके ने अंक तालिका पर पांचवे स्थान पर सफर खत्म किया। सीएसके को अपने आखिरी लीग मैच में आरसीबी से हार मिली। वहीं, मैच में मिली हार के बाद एमएस धोनी (श्ए अ्दहग) के रिटायरमेंट को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई। ऐसा माना जा रहा था कि ये धोनी का आखिरी आईपीएल सीजन है, लेकिन इस बीच सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने धोनी के फ्यूचर प्लान को लेकर चुप्पी तोड़ी है दरअसल, आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत से पहले एमएस धोनी ने सीएसके की कैप्टेंसी छोड़ी। उनकी जगह फिर रुतुराज गायकवाड़ को सीएसके का कप्तान बनाया गया। रुतुराज की कप्तानी में सीएसके टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच सके। अपने आखिरी लीग



मैच में सीएसके को आरसीबी के हाथों हार मिली और सीएसके का टूर्नामेंट का सफर खत्म हो गया। इस बीच धोनी के आखिरी आईपीएल मैच को लेकर काफी ज्यादा चर्चा होने लगी। सोशल मीडिया पर फैंस काफी इमोशनल नजर आए। हालांकि, माही ने इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक ट्वीट नहीं किया, लेकिन सीएसके ने अपने यूट्यूब चैनल पर सीईओ काशी विश्वनाथन का एक इंटरव्यू शेयर किया है, जिसमें वह धोनी के रिटायरमेंट को लेकर बात कर रहे हैं। चेनन्ई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि मुझे इस सवाल का जवाब नहीं पता। इस सवाल का जवाब एमएस धोनी ही दे सकते है। मैं हमेशा धोनी द्वारा लिए गए फैसले की सम्मान करता हूं और हमने सब कुछ उन पर छोड़ रखा है। वैसे हमें काफी ज्यादी उम्मीद है कि वो अगले साल चेनन्ई सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे। ये फैंस की इच्छा है और मेरी भी।

## शाहिद-मीरा कपूर ने मुंबई में खरीदा अट्रा लग्जरी अपार्टमेंट, कीमत सुन उड़ जाएंगे होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर और उनकी पतनि मीरा कपूर ने मुंबई के वर्ली इलाके में एक लक्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। यह लक्जरी अपार्टमेंट ओबेरॉय 360 वेस्ट प्रोजेक्ट में है, जिसकी कीमत लगभग 59 करोड़ रुपये है। बॉलीवुड



स्टार शाहिद कपूर और उनकी पतनि मीरा कपूर ने मुंबई के वर्ली इलाके में एक लक्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। यह लक्जरी अपार्टमेंट ओबेरॉय 360 वेस्ट प्रोजेक्ट में है जिसकी कीमत लगभग 59 करोड़ रुपये है। घ्हेऊॅज.म्दस् की खबर के मुताबिक शाहिद का लक्जरी अपार्टमेंट 5395 वर्ग फुट रेरा कालीन है। उनके पास अपार्टमेंट में तीन गाडि.यों को पार्क करने की सुविधा होगी। की खबर के मुताबिक, शाहिद का लक्जरी अपार्टमेंट 5,395 वर्ग फुट रेरा कालीन है। उनके पास अपार्टमेंट में तीन गाडि.यों को पार्क करने की सुविधा होगी। लीक हुए दस्तावेजों से पता चला कि 'जब वी मेट' के हीरो शाहिद कपूर ने यह अपार्टमेंट 24 मई को ही खरीदा है, जो 58.66 करोड़ का है।हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के मुताबिक, शाहिद का नया घर ओबेरॉय रियल्टी की ऊंची मंजिल पर स्थित है। शाहिद-मीरा इसे ने चंदक रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा है। यह अपार्टमेंट चंदक रियल्टी से खरीदा गया है।शाहिद कपूर और मीरा राजपूत बी-टाउन के बेस्ट कपल्स में से एक हैं। यह शानदार कपल एक बार फिर नया अपार्टमेंट खरीदने की वजह से सुखियों में है।

## श्रीकांत' के आगे नहीं चली 'भैया जी' की 'दादागिरी',पलट गयी पूरी काया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नेत्रहीन उद्योगपति श्रीकांत






बोला के जीवन पर बनी फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए तकरीबन 18 दिन पूरे हो चुके हैं। 10 मई को थिएटर में दस्तक देने वाली इस बायोपिक में राजकुमार राव ने 'श्रीकांत' का किरदार अदा किया है। की फिल्म श्रीकांत को सिनेमाघरों में रिलीज हुए लगभग 17 दिन पूरे हो चुके हैं। रविवार को जहां भैया जी की वजह से श्रीकांत के बॉक्स ऑफिस में गिरावट आई तो वहीं एक बार फिर से सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन में काफी बदलाव देखने को मिला। श्रीकांत की फिल्म ने मंडे को बाजी मारी फिल्म में एक्टर ने जिस तरह का दमदार अभिनय दिखाया है, उसकी हर कोई सराहना कर रहा है। 'भैया जी' के थिएटर में रिलीज होने के बाद तो ऐसा लगा था कि श्रीकांत की बॉक्स ऑफिस नैया जल्द ही डूब जाएगी, लेकिन सोमवार को एक बार फिर से पूरा उलट फेर देखने को मिला। सोमवार को भैया जी को पीछे छोड़कर श्रीकांत ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शानदार बिजनेस कर लिया।भैया जी बीते वीकेंड ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म के आने के बाद 'श्रीकांत' के वीकेंड बिजनेस में काफी गिरावट देखने को मिली थी। शनिवार और रविवार को 4 करोड़ कमाने वाली श्रीकांत बीते वीकेंड पर आधी कमाई ही कर पाई थी। हालांकि, अब सोमवार को बॉक्स ऑफिस का तख्ता पलट गया है और फिल्म 'श्रीकांत' ने 'भैया जी' को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है।सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीकांत ने 18वें दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 85 लाख का बिजनेस किया, जबकि मनोज बाजपेयी की भैया जी महज 77 लाख का बिजनेस ही कर पाइ 'श्रीकांत' ने 17 दिनों तक करोड़ों में बिजनेस किया है, लेकिन अब फिल्म की कमाई 18वें दिन लाखों में आ गिरी है। हालांकि, इसके बावजूद फिल्म 50 करोड़ कमाने के काफी करीब पहुंच चुकी है। श्रीकांत का बॉक्स ऑफिस पर अब तक नेट कलेक्शन 37.85 करोड़ का हुआ है फिल्म को 50 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए अब भी 12 करोड़ के आसपास कमाई करनी है। फिलहाल 14 जून तक 'भैया जी' के अलावा कोई भी बड़ी फिल्म 'श्रीकांत' के सामने नहीं है, ऐसे में हो सकता है कि ये मूवी 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाए।

## वो डायरेक्टर जिसने दिलीप कुमार और राज कपूर को लेकर बनाई पहली फिल्म

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। 75 साल पहले एक फिल्म आई, जिसमें हिंदी सिनेमा के दो दिग्गज सितारे दिलीप कुमार और राज कपूर पहली बार एक साथ



बड़े पर्दे पर नजर आये। यह फिल्म थी 'अंदाज' जिसका निर्देशन महबूब खान ने किया था। वह इकलौते डायरेक्टर थे, जो दोनों सितारों को एक साथ एक फिल्म में लेकर आये थे।सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता रहे दिलीप कुमार और राज कपूर ने अपने करियर में एक साथ सिर्फ एक फिल्म में काम किया है। दोनों को एक साथ लाने वाले इकलौते डायरेक्टर ने एक ऐसी फिल्म बनाई जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसके बाद दोनों ने कभी साथ में काम नहीं किया था।9 सितंबर 1907 को जन्मे महबूब खान जब गुजरात से बॉम्बे आये तो उन्होंने फिल्म स्टूडियो में छोटे-मोटे काम किये। उस वक्त साइलेंट फिल्मों का चलन था। उन्होंने कुछ साइलेंट फिल्मों को असिस्ट भी किया। कुछ सालों तक असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम करने के बाद महबूब ने नया फेज शुरू किया और उनकी पहली फिल्म थी 'अल हिलाल'।फिर महबूब खान ने सागर मूवीटोन के बैनर तले बनी फिल्में 'एक ही रास्ता', 'अलीबाबा', 'औरत' और 'बहन' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। डायरेक्शन करने के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया और अपने नाम से एक प्रोडक्शन कंपनी शुरू किया। उनकी पहली म्यूजिकल ड्रामा 'अनमोल गाड़ी' हिट हुई तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और हिट फिल्मों की लाइन लगा दी। महबूब खान वो इकलौते डायरेक्टर थे, जिन्होंने राज कपूर और दिलीप कुमार के साथ फिल्म बनाई थी। 1949 में आई फिल्म 'अंदाज' में नरगिस दत्त लीड रोल में थीं।

## कपिल के शो में जाह्नवी कपूर को आई स्कूल की याद, राजकुमार राव ने शेयर किया 3 साल थिएटर करने का एक्सपीरियंस

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली।कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' ओटीटी पर रिलीज होने के बाद भी पॉपुलैरिटी में कुछ कम नहीं है। इस शो में आमिर खान, सनी देओल, बॉबी देओल जैसे कई स्टार्स आ चुके हैं। हालिया एपिसोड में फराह खान और और बस में ट्रैवल करने के अपने एक्सपीरियंस को शेयर करते देखे गए। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का प्रोमो ओटीटी पर रिलीज किया गया है।कपिल ने जाह्नवी से पूछा कि क्या उन्होंने कभी बस से ट्रैवल किया है। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा कि 'धड़क' फिल्म के एक सीन में



अनिल कपूर ने दस्तक दी और अब वो ऑनस्क्रीन कपल शो में एंट्री लेगा, जिनकी फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। राजकुमार राव बॉलीवुड के मंझे हुए एक्टर माने जाते हैं। उनकी ज्यादातर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पसंद की जाती हैं। इसी महीने उनकी दूसरी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज हो रही है जिसका प्रमोशन राजकुमार और जाह्नवी ने शुरू कर दिया है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अगले मेहमान होंगे । 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अगले मेहमान 'मिस्टर एंड मिसेज माही' यानी कि राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर होंगे। कपिल के शो में यह कपल जमकर मस्ती करते देखा जाएगा। इस बीच राजकुमार और जाह्नवी लोकल ट्रेन वह बस से घूमी हैं। इस पर कपिल कहते हैं कि बस से ट्रैवल किया वह भी फिल्म में। इसके बाद एक्ट्रेस बताती हैं कि वह स्कूल पिकनिक पर हैदराबाद जाती थीं। ये सुनते ही कपिल कहते हैं कि हमे पिकनिक पर उसी शहर की किसी जगह पर ले जाया करते थे।राजकुमार राव ने थिएटर के दिनों की बात बताई। उन्होंने कहा कि बस में ट्रैवल करने में मजा है। वह जब थिएटर कर रहे होते थे, तो तीन साल तक गुणगांव से दिल्ली ट्रैवल करते थे। वह भी ऐसे कि बस में स्टैंड को पकड़े ट्रैवल कर रहे होते थे। राजकुमार ने कहा, 'एक हाथ पर आप लटके हुए हो और सामने से कोई आ जाए, तो आपकी जान नहीं बच सकती।

## एक्स वाइफ सुजैन खान के साथ बेटे की ग्रेजुएशन सेरेमनी में पहुंचे ऋतिक रोशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन इस समय बहुत ही प्राउड फील कर रहे होंगे, क्योंकि उनका बड़ा बेटा रेहान




ग्रेजुएट हो चुका है। ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन खान ने ग्रेजुएशन सेरेमनी की कुछ झलकियां शेयर करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस सेरेमनी में ऋतिक और उनका छोटा बेटा भी भाई को चीयर करने के लिए मौजूद रहे। और उनकी एक्स वाइफ सुजैन खान (ऍल्हिहा खेंह) के बडे. बेटे रेहान रोशन अब ग्रेजुएट हो चुके हैं। हाल ही में रेहान की ग्रेजुएशन सेरेमनी होस्ट हुई जहां उनके मम्मी-पापा भी पहुंचे। रेहान की ग्रेजुएशन सेरेमनी से ऋतिक रोशन और सुजैन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दादा राकेश रोशन ने भी पोते को बधाई दी है। सुजैन ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा,'हम कहां बढ़ रहे हैं, कोई नहीं जानता, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने रास्ते पर हूं। बधाई हो रेहान, तुम मेरी ताकत हो। मैं हर दिन तुमसे कुछ सीखती हूं और मुझे तुम्हारी मां होने पर गर्व है। ये तुम्हारे जीवन के सबसे अच्छे दिनों की शुरुआत है।' वीडियो में रेहान गले में गेंदे के फूलों की बड़ी सी माला पहने नजर आ रहे हैं, जो उनका छोटा भाई रिदान उन्हें पहनाता है। इसके बाद दोनों फोटो भी क्लिक करवाते हैं। वहीं बेटे के साथ ऋतिक और सुजैन भी कैमरे के लिए पोज़ देते नजर आए। उनके चेहरे पर वो प्राउडनेस साफ देखी जा सकती है। इसके अलावा वीडियो के अंत में एक केक की भी झलक दिखाई देती है, जिस पर एक बहुत ही खूबसूरत सा मैसेज लिखा हुआ है। केक पर लिखा था - डार्लिंग बधाई हो, ये तुम्हारे जीवन का सबसे अच्छा साल है, मुझे तुम पर गर्व है। सुजैन की इस पोस्ट पर ऋतिक रोशन के पिता और रेहान के दादा राकेश रोशन ने भी कमेंट किया। राकेश ने लिखा, ठबधाई हो रेहान! यह तो बस शुरुआत है। अभी और अवसर आएंगे।ठ इसके अलावा फरहान अख्तर, अर्सलान गोनी और रवीना टंडन ने भी रेहान को बधाई दी। ऋतिक और सुजैन, शादी के 13 साल बाद साल 2014 में अलग हो गये थे। हालांकि दोनों अभी भी अच्छे दोस्त हैं और साथ में मिलकर दोनों बेटों रेहान और रिदान की परवरिश कर रहे है। वहीं, तलाक के बाद सुजैन अर्सलान गोनी को डेट कर रही है तो वहीं ऋतिक रोशन सबा अजाद के साथ रिलेशनशिप में है।

## कान्स स्क्रीनिंग के बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी 'मंथन' 4के वर्जन में देखें 48 साल पुरानी क्लासिक फिल्म

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** निर्देशक श्याम बेनेगल की मास्टरपीस मानी जाने वाली फिल्म मंथन कान्स फिल्म फेस्टिवल में पतनि रतन पाठक शाह और स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर के साथ शामिल हुए। मंथन को पांच मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला था।मंथन स्मिता पाटिल और नसीरूद्दीन शाह ने लीड रोल निभाये थे। फिल्म को रेस्टोर किया गया है और अब इसका बेहतर वर्जन रिलीज किया





स्क्रीनिंग के कारण चर्चा में बनी हुई है। कान्स क्लासिक सेक्शन में हुई स्क्रीनिंग में नसीरूद्दीन शाह अपनी हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में शामिल है जिसे श्याम बेनेगल ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में जा रहा है। फिल्म की स्क्रीनिंग हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुई थी। अब ये फिल्म मंथन हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में शामिल है जिसे श्याम बेनेगल ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में स्मिता पाटिल और नसीरूद्दीन शाह ने लीड रोल निभाये थे। फिल्म को रेस्टोर किया गया है और अब इसका बेहतर वर्जन रिलीज किया जा रहा है। फिल्म की स्क्रीनिंग हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुई थी। अब ये फिल्म पीवीआर सिनेमाज की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ल्ड मिल्क डे के मौके पर मंथन एक जून को बड़े पर्दे पर उतारी जाएगी और दो जून तक चलेगी। फिल्म देश के 50 शहरों के 100 चुनिंदा सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। 1976 में आई मंथन ना सिर्फ श्याम बेनेगल बल्कि हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में शामिल है। यह स्मिता पाटिल के करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में भी गिनी जाती है। मंथन मिल्क कोऑपरेटिव मूवमेंट के जनक वर्गीस कूरियन से प्रेरित फिल्म है। 1977 के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में इसे सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और सर्वश्रेष्ठ पटकथा के लिए पुरस्कार प्रदान किये गये थे। यह भारत की पहली क्राउडफंडेड फिल्म है, जिसके निर्माण के लिए 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपये का चंदा दिया था। फिल्म का निर्माण गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड ने किया था। श्वेत क्रांति की पृष्ठभूमि पर बनाई गई फिल्म में स्मिता पाटिल, नसीरूद्दीन शाह, गिरीश कर्नाड, मोहन आगाशे, अनंत नाग और अमरीश पुरी ने प्रमुख किरदार निभाये थे।

## भाबी जी घर पर हैं' और 'शक्तिमान' में काम कर चुके थे फिरोज खान, सोशल मीडिया पर 'अमिताभ बच्चन' बन कमाया नाम

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
नई दिल्ली। टेलीविजन इंडस्ट्री से एक बुरी खबर सामने आ रही है। जाने-माने अभिनेता और मिमिक्री आर्टिस्ट



फिरोज खान का निधन हो गया है। फिरोज 'भाबी जी घर पर है' और 'शक्तिमान' जैसे सीरियल्स में काम कर चुके थे। उन्हें अमिताभ बच्चन की मिमिक्री कर पॉपुलैरिटी मिली थी। और शक्तिमान जैसे सीरियल्स में काम कर चुके जाने-माने अभिनेता फिरोज खान अब नहीं रहे। अभिनेता का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। फिरोज को अमिताभ बच्चन की मिमिक्री के लिए जाना जाता है। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियोज हैं जिसमें वह अमिताभ की नकल करते हुए नजर आये। फिरोज खान पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश के बदाऊं में थे। 23 मई को सुबह उन्होंने बदाऊं में आखिरी सांस ली। अभिनेता का हार्ट अटैक से निधन हुआ है। वह पिछले कुछ समय से बदाऊं के काबूलपुरा स्थित अपने घर पर ठहरे हुए थे। बदायूं क्लब के सचिव डा.अक्षत अशेष के मुताबिक, अभिनेता ने 4 मई को मतदाता महोत्सव में अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी थी। फिरोज खान छोटे पर्दे के चर्चित अभिनेताओं में से एक थे। उन्होंने कई कॉमेडी ड्रामा में काम किया है, जिसमें 'भाबी जी घर पर है', 'हप्पू की उल्टन पल्टन', 'साहिब बीवी और बॉस', 'शक्तिमान' और 'जीजा जी छत पर हैं' जैसे सीरियल्स में शामिल हैं। यही नहीं, अभिनेता ने म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है। दिग्गज सिंगर अदनान सामी के पॉपुलर गाने 'थोड़ी सी तू लिफ्ट करा दे' में भी फिरोज खान नजर आये थे। टीवी सीरियल्स और म्यूजिक वीडियो में तो फिरोज खान ने काम किया, लेकिन उन्हें असली पहचान अमिताभ बच्चन की मिमिक्री करने के बाद मिली। वह बिग बी के डुप्लीकेट कहे जाते हैं।

## कोई नहीं बनना चाहता था देवदास का 'चुन्नी बाबू', फिर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
नई दिल्ली। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी 'देवदास' साल 2002 की हिट फिल्मों में से एक थी। ऐश्वर्या राय बच्चन, माधुरी दीक्षित और शाह रुख खान स्टारर आइकॉनिक फिल्म



के गाने और डायलॉग्स आज भी बहुत पॉपुलर हैं। फिल्म में देवदास, चंद्रमुखी या पार्वती ही नहीं, बल्कि चुननेलाल या चुननी बाबू के किरदार ने भी खूब ध्यान खींचा। की बेस्ट मूवीज में एक नाम देवदास का भी है। शाह रुख खान और ऐश्वर्या राय स्टारर मूवी में जैकी श्रॉफ ने चुननी बाबू का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके आइकॉनिक रोल को काफी पसंद किया गया था। अब जैकी श्रॉफ ने बताया कि उनसे पहले कई अभिनेताओं को यह रोल मिला था। 'देवदास' में चुननी बाबू का किरदार अभिनेता जैकी श्रॉफ (र्श्वा ऐर्द्दे) ने निभाया था, जो फिल्म में शाह रुख खान के जिगरी यार होते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि जैकी 'चुननी बाबू' के किरदार के लिए मेकर्स की पहली पसंद नहीं थे। कई अभिनेताओं ने यह किरदार करने से साफ मना कर दिया था। तब जैकी के हाथ भंसाली की ये हिट फिल्म लगी थी। करिश्मा तनन के साथ बातचीत में जैकी श्रॉफ ने इसका खुलासा किया है कि कैसे कई अभिनेताओं ने 'देवदास' में 'चुननी बाबू' का रोल करने से मना कर दिया था और फिर उन्हें यह रोल निभाने का मौका मिला। जैकी ने कहा, ठकोई भी देवदास में चुननी बाबू बनने के लिए तैयार नहीं, लेकिन मैं राजी हुआ। इसलिए मुझे यह मिल गया। मैं हैरान रह गया था कि कोई भी यह रोल करना नहीं चाहता। पागल कुत्ते ने काटा है। जैकी श्रॉफ ने आगे कहा, ठअगर वे आपका सीन या कुछ भी काट देंगे तो कभी टेंशन नहीं लेता। भूमिका के लिए जो जरूरी है वह आपको मिलेगा। एक डायरेक्ट, एक्टर और स्टोरी होती है। हर सीन में आप राजा नहीं बन सकते हैं। जो मिला, ऊपरवाले का कान पकड़ और निकल ले। 67 साल के जैकी श्रॉफ आगामी एक्शन थ्रिलर 'सिंघम अगेन' में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान जैसे कलाकारों के साथ नजर आएंगे। इसमें जैकी के बेटे टाइगर श्रॉफ भी पिता के साथ एक्शन दिखाएंगे। इसके अलावा वह वरुण धवन और कीर्ति सुरेश स्टारर 'बेबी जॉन' में भी दिखाई देंगे।

## 'पेट्टा' के बाद फिर जमेगी रजनीकांत-कार्तिक सुब्बाराज की जोड़ी निर्देशक का दिलचस्प खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुपरस्टार रजनीकांत और निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज साथ मिलकर साल 2019 में फिल्म 'पेट्टा' लेकर आए थे, जिसने सिनेमाघरों में धूम मचा दी थी। यह फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करने में कामयाब



रही। अब ऐसा ऐसा लगता है कि दोनों की यह धमाकेदार जोड़ी फिर एक साथ आ सकती है, जिसके बाद दर्शकों को एक बार फिर दमदार फिल्म का लुत्फ उठाने का मौका मिल सकता है। दरअसल, हाल ही में दिए साक्षात्कार में निर्देशक कार्तिक ने रजनीकांत के साथ अपने संभावित सहयोग के बारे में बात की। निर्देशक ने खुलासा किया कि उन्होंने रजनीकांत को कई कहानियां सुनाई, लेकिन उनमें से कोई भी उन्हें कुछ खास पसंद नहीं आई। हालांकि, निर्देशक निर्देशक ने कहा कि रजनीकांत अब लगातार फिल्में कर रहे हैं और उम्मीद है कि उनके और अभिनेता के बीच कोई सहयोग पाइपलाइन में है। इसका मतलब साफ है कि निर्देशक ने इशारों में बताया है कि वे फिल्म के लिए फिर साथ आएंगे, लेकिन अभिनेता अभी व्यस्त हैं तो फिल्म पर काम करने के लिए उन्हें समय देना होगा। निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज अब रजनीकांत के साथ किसी प्रोजेक्ट पर काम करने की उम्मीद जता रहे हैं, लेकिन इस बारे में आधिकारिक एलान होना का इंतजार करना होगा। फिल्म निर्माता ने यह भी कहा कि अगर रजनीकांत उन्हें किसी फिल्म के लिए बुलाते हैं, तो वह निश्चित रूप से उनके साथ एक और फिल्म करेंगे। इसका मतलब साफ है कि वे रजनीकांत के साथ फिर काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और जल्द ही दोनों साथ आ सकते हैं। रजनीकांत और कार्तिक की पिछली फिल्म 'पेट्टा' में एक नए नियुक्त वार्डन काली की कहानी बताई गई थी, जो अपने छात्रावास में रैगिंग और स्थितियों को ठीक करता है। हालांकि, जब काली का अतीत सामने आता है, तो चीजें एक अंधेरे मोड़ पर आ जाती हैं, जिससे पता चलता है कि वह पेट्टावेलन है, जो सिंगाराम नामक एक शक्तिशाली राजनेता के खिलाफ लंबे समय से दुश्मनी रखता है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।